www.tamsasanket.com

वर्ष: 29 || अंक 71 || अम्बेडकरनगर

मंगलवार

02 जून 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: 2₹

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

https://epaper.tamsasanket.com

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
सूर्योदय: 05:13
सूर्यास्त: 06:56
अधिकतम: 37°00
न्यूनतम: 28°00



पेज 07 >>

विशेष समाचार | क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता कोरा ... >> पेज 04 | एनकाउंटर में ढेर असद के ... >> पेज 06 | आलिया से अनबन पर बॉबी ...

# ‘बेटियां मेरिट में ज्यादा आ रहीं’

## योगी बोले- लड़के घर में झाड़ू-पोंछा ज्यादा लगाने लगे, 10-12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया

**आयोजन**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। ‘लोग मानते थे कि बेटियां घर में मां का सहयोग करती हैं। लेकिन अब लग रहा है कि लड़के घर में झाड़ू-पोछा लगा रहे हैं। या फिर मां-बाप उनसे सब्जी मंगवाने का ज्यादा काम ले रहे हैं। ऐसा भी हो सकता है कि कुछ छात्र मुहल्ले में झाड़ू लगा रहे हों। इसलिए अब बेटियां मेरिट में ज्यादा आ रहीं हैं।’सीएम योगी ने सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में 10वीं-12वीं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। प्रदेश के 75 जिलों के टॉप-10 में स्थान पाने वाले 223 विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें 85 छात्र और 138 छात्राएं शामिल थीं।

लखनऊ के अलावा सभी 75 जिलों में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किए गए।

>> (शेष पेज 06 पर)



सीएम योगी ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं के टॉपर्स को सम्मानित किया।

यह जरूरी नहीं कि हर व्यक्ति डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक सेवा में ही जाए। आप एक अच्छे समाजसेवी भी बन सकते हैं। अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक बनिए, लेकिन इसे केवल औपचारिकता न बनने दीजिए। जिस भी क्षेत्र में जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी स्वयं प्राप्त कीजिए और अच्छी बातों को अपने जीवन में शामिल कीजिए। - सीएम योगी

### परीक्षा परेशान करने के लिए नहीं होनी चाहिए

योगी ने कहा- परीक्षा छात्र-छात्राओं को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए होनी चाहिए। प्रश्नपत्र ऐसा नहीं होना चाहिए कि छात्रों के पसीने छूट जाएं। वह शिक्षक अच्छा नहीं माना जाता, जो विद्यार्थियों को परेशान करने के लिए कठिन प्रश्न पूछता है। अक्सर मैंने देखा है कि ऐसे शिक्षकों को स्वयं भी प्रश्नों के उत्तर नहीं पता होते। नौ साल पहले स्थिति कुछ ऐसी ही थी।

### पंजाब के छात्र नकल के लिए यूपी आकर परीक्षा देते थे

योगी ने कहा- 9 साल पहले नकलविहीन परीक्षाएं नहीं होती थीं। मेरिट का कोई महत्व नहीं था। यह पता ही नहीं चलता था कि कौन मेधावी है। पंजाब के छात्र पूर्वी उत्तर प्रदेश में आकर परीक्षा देते थे। कई बार परीक्षा किसी और की होती थी और उसे कोई दूसरा व्यक्ति देता था।

पहले शिक्षकों की भर्ती भी नहीं होती थी और स्कूलों की स्थिति भी अच्छी नहीं थी। आज हालात बदल चुके हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### इंटरव्यू में कोई फॉलोअर्स नहीं पूछता

अपने अभिभावकों पर स्मार्टफोन दिलाने का दबाव मत बनाइए। हमने आपको टैबलेट दिए हैं, उनका उपयोग कीजिए। अखबार पढ़िए और टीवी पर समाचार भी देखिए। सोशल मीडिया पर बहुत अधिक समय न बिताइए। यदि इस्तेमाल करना ही है तो 10-15 मिनट या अधिकतम आधा घंटा पर्याप्त है।

जितना अधिक आप उसकी ओर जाएंगे, उतना ही उसमें उलझते जाएंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### भ्रम में मत रहो कि मैं ही सब जानता हूं

आत्मविश्वास अच्छी बात है, लेकिन यह मत मानिए कि मैं ही सत्य हूं या मैं ही सब कुछ जानता हूं। इस भ्रम में कभी मत रहिए। व्यक्ति तब असफल होता है, जब वह अतिआत्मविश्वास में आकर छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करने लगता है। जब आप साफ नीयत और ईमानदारी के साथ किसी भी क्षेत्र में काम करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। व्यावहारिक ज्ञान से खुद को मजबूत बनाइए। अपनी परंपराओं को समझिए। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए मेहनत ही एकमात्र विकल्प है और मेहनत कभी बेकार नहीं जाती।

- डबल इंजन सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान, पुनर्वास, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।
- इस क्रम में आज महात्मा विदुर की पावन नगरी जनपद बिजनौर में पाकिस्तान से विस्थापित 1,645 परिवारों तथा पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र का वितरण किया। - सीएम योगी
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को आवंटन पत्र और चेक भी प्रदान किए गए। साथ ही, कॉमन सर्विस सेंटर तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित 'विदुर प्रेरणा कैफे' का उद्घाटन भी हुआ।



## कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर 6 जून को भारत लौटेंगे

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके 6 जून को भारत लौटेंगे। इसके बाद वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में वे शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे। दिपके ने इसकी जानकारी अपने X अकाउंट ‘कॉकरोच इज बैक’ पर दी है। कॉकरोच जनता पार्टी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद सामने आया। CJP के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। 30 साल के अभिजीत दिपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल वो अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन से मास्टर्स की पढ़ाई कर रहे हैं।

# मानसून 2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा देशभर में हीटवेव खत्म

## एमपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश

देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। सोमवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान के कई इलाकों में बारिश हुई।



**आगमन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ। मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरलम पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है।

IMD के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरलम और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

- राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है।

# टीएमसी विधायकों पर भाजपा जॉइन करने का दबाव : ममता

## पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो एमएलए को निकाला

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को फेसबुक पर वीडियो मैसेज जारी कर भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस TMC विधायकों पर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का दबाव बना रही है।

ममता ने दावा किया कि कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर TMC को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा- जो लोग TMC छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है।



ममता का वीडियो मैसेज TMC के भीतर टूट की खबरों के बीच आया है। पार्टी ने आज अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किया है। >> (शेष पेज 06 पर)

### निष्कासित विधायकों ने फर्जी साइन के आरोप लगाए थे

TMC से निकाले गए विधायक संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी ने विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में शोभनदेब चट्टोपाध्याय के समर्थन में तैयार प्रस्ताव में उनके साइन फर्जी तरीके से दिखाए गए हैं। दोनों विधायकों ने दावा किया कि 6 मई को हुई बैठक में ऐसा कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष के हस्तक्षेप पर कोलकाता के हरे स्ट्रीट थाने में FIR दर्ज की गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### गुजरात में 12 शेर, एमपी में 10 बाघों की मौत

अमरेली। एशियाटिक लायंस के लिए फेमस गुजरात के पूर्वी और पश्चिमी गिर फॉरेस्ट में 12 शेरों की मौत का मामला केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। वन विभाग ने 30 से अधिक शेरों को एनीमल केयर सेंटर में रखा है।

**घटना | मशक्कत**

### दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग की बिल्डिंग में आग

नई दिल्ली। दिल्ली के ITO इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (SPA) में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआत में कुछ रिपोर्ट्स में आग शिक्षा मंत्रालय के ऑफिस में लगने की बात कही गई थी, जिस पर कांग्रेस ने मामले को संदिग्ध बताया। हालांकि बाद में शिक्षा मंत्रालय और दिल्ली फायर सर्विस ने स्पष्ट किया कि आग मंत्रालय के ऑफिस में नहीं, SPA भवन में लगी थी।

### केरलम में डेढ़ साल के बच्चे की मारपीट से मौत

तिरुवनंतपुरम । केरलम के तिरुवनंतपुरम जिले के नेडुमंगड में लगातार शारीरिक प्रताड़ना और मारपीट से डेढ़ साल के बच्चे अर्शित की मौत हो गई। पुलिस ने उसकी मां अखिला (24) और लिव-इन पार्टनर अश्कर (31) को 31 मई को गिरफ्तार किया।

# पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार 35 मंत्रियों की शपथ

## शुभेंदु मंत्रिमंडल में अब 41 मिनिस्टर

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।



- मंत्रिपरिषद की लिमिट 44, लेकिन शुभेंदु सरकार में 41 मंत्री होंगे

संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15% तक सीमित है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## बिजली बिल में बढ़ोतरी पर अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला

# ‘जनता की जेब पर डाला जा रहा अतिरिक्त बोझ’

**कटाक्ष**

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली के बिलों में बढ़ोतरी के जरिए जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है और यह कदम आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा

सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। खाद्य पदार्थों से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में बिजली की दरों और अन्य आवश्यक सेवाओं की कीमतों में वृद्धि आम लोगों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पहले महंगाई कम करने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत दिखाई दे रही है। उनके अनुसार सरकार के कार्यकाल में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और बिजली जैसी जरूरी सेवाओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे मध्यम वर्ग, मजदूर और गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं।

### पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने का आरोप

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां आम जनता के बजाय बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और किसानों की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय ऐसे फैसले ले रही है, जिनसे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि जनता से विभिन्न माध्यमों से अतिरिक्त धन वसूला जा रहा है और इसका लाभ चुनिंदा वर्गों को पहुंचाया जा रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### राहुल का दावा- 12वीं की आंसरशीट मोबाइल से स्कैन करवाईं

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने CBSE की टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रों की आंसरशीट को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर की बजाय मोबाइल फोन से स्कैन किया गया।

राहुल गांधी ने छात्र सार्थक सिद्धांत की X पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगस्त में ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का टेंडर दोबारा जारी किया गया था। उस समय कई जरूरी शर्तें हटा दी गईं और स्कैनिंग की क्वालिटी भी 300 DPI से घटाकर 200 DPI कर दी गई।

राहुल ने कहा कि धुंधली आंसरशीट, गायब पन्ने और कई कॉपियों का स्कैन न होना सिर्फ तकनीकी गलती नहीं है। उनके मुताबिक, यह सब किसी खास वेंडर को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए कॉन्ट्रैक्ट का नतीजा है।

## रंजिश : सिलवट गांव में देर रात वारदात, हाथ में लगी गोली, आरोपी फरार

# रिश्तों में दरार बनी गोलियों की गूंज चाचा की फायरिंग में भतीजा घायल

- पुलिस ने संभाला मोर्चा, घटनास्थल की जांच
- पुलिस ने शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश को घटना की वजह माना है।
- मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी के लिए दबिश
- गांव में तनाव, पुलिस सतर्क

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। महरुआ थाना क्षेत्र के सिलवट गांव में शनिवार देर रात पुरानी रंजिश ने खून-खराबे का रूप ले लिया। करीब 11 बजे चाचा ने भतीजे पर गोली चला दी। गोली हाथ में लगने से भतीजा घायल हो गया।



घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई। परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है।

सूचना मिलते ही महरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए पुलिस ने क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है।

### पुरानी रंजिश में बढ़ा तनाव, अचानक चली गोली

जानकारी के अनुसार गांव निवासी शुभम सिंह और उनके चाचा रुद्र प्रताप सिंह उर्फ जिलेदार सिंह के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार रात दोनों के बीच कहासुनी हुई। मामला बढ़ते ही चाचा ने असलहा निकाल लिया। इसके बाद फायरिंग कर दी गई। गोली शुभम सिंह के हाथ में लगी और वह मौके पर गिर पड़े। वारदात के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया।

### फायरिंग से गांव में मची अफरा-तफरी

गोली चलने की आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। परिजनों ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों के अनुसार घायल का इलाज जारी है और हालत पर नजर रखी जा रही है।

# पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया : सीबीआई


## 3 आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। NEET पेपर लीक मामले में CBI ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ।

इसी मामले में गिरफ्तार डॉ. मनोज शिरुरे, हर्षदकुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। CBI ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपए लिए थे।

>> (शेष पेज 06 पर)



- सुप्रीम कोर्ट बोला- नीट री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी

### संसदीय समिति में एनटीए की जगह नई संस्था का प्रस्ताव

इधर संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की स्थायी समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने की। इसमें NEET परीक्षा, NTA और पेन-पेपर बनाम CBT मोड पर चर्चा हुई। >> (शेष पेज 06 पर)

C M Y K

# नहाते समय कोमा में गए सेनानायक की मौत

दुःखद

## दोस्तों संग नदी में लगाई थी छलांग, भारी चीज से टकराया था सिर





रविंद्र कुमार रावत सेनानायक

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में नदी में नहाते समय घायल हुए सेनानायक की 7 दिन बाद मौत हो गई। आज, सोमवार को सैन्य सम्मान के साथ उनके गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

घटना बंथरा थाना क्षेत्र के गोड़वा गांव की है। गोड़वा के रहने वाले सेनानायक रविंद्र कुमार रावत (40) दोस्तों के साथ 24 मई को गांव के पास सई नदी में नहाने गए थे। नदी में छलांग लगाने के दौरान भारी वस्तु लगने से सिर में गंभीर चोट लग गई थी। वह कोमा में चले गए थे। उनका कमांड हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। रविंद्र कुमार रावत आर्मी मध्य कमान सिगनल रेजीमेंट की ट्रेड ईएफएस में नायक पद पर जबलपुर में तैनात थे। हाल ही में उनका ट्रांसफर लखनऊ हुआ था। 24 मई की सुबह वह अपने गांव के पास कुछ दोस्तों के साथ सई नदी में नहाने गए थे।

नदी में कूदने के दौरान उनका सिर किसी भारी वस्तु से टकरा, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। वह पानी के अंदर ही बेहोश हो गए। दोस्तों ने उन्हें तत्काल अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उन्हें कमांड अस्पताल रेफर कर दिया गया। कमांड हॉस्पिटल में वह कोमा में थे।

### 8वें दिन तोड़ा दम

सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद लेफ्टिनेंट पीयूष बिष्ट सहित सेना के अन्य जवानों द्वारा उनका शव तिरंगे में लपेटकर सेना की गाड़ी से गांव गोड़वा पहुंचाया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए गांव में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बताया गया है कि रविंद्र कुमार को 25 मई को लखनऊ में अपनी नई ड्यूटी ज्वाइन करनी थी।

### 5 और 3 साल के बेटे हैं

घर से करीब 1 किलोमीटर दूर गांव के बाहर रविंद्र की पारिवारिक जमीन है। उसी जमीन पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सेनानायक के पिता जगदीश रावत, भाई महेंद्र रावत, दोनों बेटे, सांसद आरके चौधरी और लेफ्टिनेंट पीयूष बिष्ट ने पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी।

**सेना के जवानों ने बैंड बाजे की धुन से सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी। इसके बाद शव का दाह संस्कार किया गया। मृतक की पत्नी तारावती उन्नाव के औरास में प्राथमिक विद्यालय में टीचर हैं। बड़ा बेटा अक्षांत उर्फ चीकू 5 वर्ष और छोटा बेटा मीकू 3 वर्ष है।**



रविंद्र कुमार रावत को सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

## आगामी विश्व प्र्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' से अवश्य लगाए

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उ0प्र0 सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नरेन्द्र कश्यप (स्वतंत्र प्रभार) की अध्यक्षता में आज विधान सभा स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। कश्यप जी ने कहा कि पिछड़े वर्गों तथा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु सरकार के पास पर्याप्त धन उपलब्ध और उसके उचित प्रयोग के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही प्रगति पर। उन्होंने कहा कि आगामी 05 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर प्रत्येक ज़िला विभागीय स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाए और इसमें सभी की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

मा0 मंत्री जी ने शासकीय विशेष विद्यालयों में अध्यापकों की कमी को गंभीरता से लेते हुऐ कहा कि अध्यापकों के आभाव में विद्यालय का अस्तित्व अर्थविहीन है और शासकीय धन की बर्बादी है।



**पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का आपस में विलय होने के संकेत**

अध्यापकों की स्थायी नियुक्ति तक संविदा के आधार पर अध्यापकों को रखा जाए और पढ़ाई-लिखाई शुरू की जाए। 'एक पेड़ माँ के नाम' से उ0प्र0 के शासकीय विशेष विद्यालयों यथाः संकेत, स्पर्श, ममता एवं प्रयास में भी योजनाबद्ध ढंग से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए और इस कार्य हेतु किसी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए। इसी के साथ विश्व योग दिवस को भी वृहद रूप से मनाने की बात कही।

फास्ट न्यूज

### एशियन गेम्स में चयन हुआ तो चिराग को मारी गोली

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि यह हत्या पुरानी रंजिश और खेल करियर को लेकर पैदा हुई ईर्ष्या के कारण की गई थी। पुलिस ने यश खटीक और गगन त्यागी को गिरफ्तार किया था, जबकि तीसरा आरोपी अभय उर्फ अभिनव अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### अयोध्या में बड़े भाई ने छोटे को पीट-पीटकर मार डाला

अयोध्या। अयोध्या में पारिवारिक विवाद में दो भाई आपस में भिड़ गए। दोनों में जमकर गाली-गलौज हुई। गुस्से में बड़े भाई ने चारपाई के पाटे से छोटे भाई पर हमला कर दिया। उसे तब तक पीटता रहा जब तक की उसकी मौत नहीं हो गई। आवाज सुनकर छोटे भाई की पत्नी बचाव करने के लिए आई। जेठ ने उसके साथ भी मारपीट की। महिला जब घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी तो आरोपी भाई भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को इलाज और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गाजियाबाद में 12-साल की बच्ची से 3 महीने तक रेप

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 12 साल की बच्ची को डरा-धमकाकर तीन महीने तक रेप करने वाले पड़ोसी को सोमवार तड़के एक एनकाउंटर में पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। बच्ची से रेप किए जाने का मामला तब खुला जब उसकी तबीयत बिगड़ी और डॉक्टर ने चेकअप किया। नाबालिग 3 महीने की प्रेग्नेंट थी। परिजन ने पूछताछ की तो उसने पूरी आपबीती सुनाई।

## साकेत गेस्ट हाउस में जोरदार स्वागत गूंजे 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे



मुलाकात

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। लखनऊ स्थित वीवीआईपी साकेत गेस्ट हाउस शनिवार को भाजपा नेताओं की उपस्थिति से गुलजार रहा। मौका था जनपद अम्बेडकरनगर के नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल से मुलाकात का, जहाँ जलालपुर नगर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उन्हें भव्य अंदाज में बधाई दी। वरिष्ठ नेता संजीव मिश्र, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर, नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, मीडिया प्रभारी विकास निषाद तथा नगर उपाध्यक्ष गिरीश जायसवाल ने जिलाध्यक्ष के उज्ज्वल, ऊर्जावान एवं सफल कार्यकाल मंगलकामना की, इस मुलाकात के दौरान आपसी सौहार्द और संगठनात्मक मजबूती का माहौल देखने को मिला ।

## वकील बोले-कोर्ट से केस दर्ज होने के आसार, अमेरिका में भगवान राम को काल्पनिक कहा था

# राहुल के खिलाफ फैसला सुरक्षित

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सोमवार को अपर जिला जज एमपी-एमएलए कोर्ट संख्या पंचम में मामले की सुनवाई हुई। तीन नोटिस के बावजूद राहुल गांधी की ओर से कोई अधिवक्ता पेश नहीं हुआ। साथ ही राहुल गांधी की ओर से कोई जवाब भी दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने सुनवाई लिए जब पुकार लगाई तो कोई पक्ष से पेश नहीं हुआ। इसके बाद राहुल गांधी के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कोर्ट नोटिस का संज्ञान लेने की बात कही। कोर्ट में स्वयं या वकील के जरिए पेश होने को गैर जिम्मेदाराना बताया। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुर्वेद विक्रम सिंह ने राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई को आज पूरा मानते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया। बता दें कि इससे पहले 25 मई को फिजिकल पेशी के लिए तीसरा नोटिस भेजा गया था।



याचियका दायर करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने बताया- राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना कोई पक्ष नहीं रखा है।



### राहुल गांधी के खिलाफ याचिका दायर करने वाले वकील की दलील

वाराणसी के एडवोकेट हरीशंकर शंकर पाण्डेय ने 12 मई 2025 को याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने दावा किया था कि राहुल गांधी 21 अप्रैल को अमेरिका के बोस्टन गए थे। यहां पर ब्राउन यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के साथ उनका एक सेशन था।

कोर्ट में उन्होंने कहा- राहुल गांधी 'राम द्रोही' हैं। भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाकर देश की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उनकी सरकार ने राम मंदिर का विरोध किया और वह विदेश में जाकर भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं।

### भगवान राम को पौराणिक बताया, वकील ने याचिका दायर की

दरअसल, राहुल गांधी पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में ब्राउन यूनिवर्सिटी में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। राहुल ने भगवान श्रीराम को लेकर विवादित बयान दिए थे। उन्होंने भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था और उस युग पर बताई जाने वाली कहानियों को काल्पनिक कहा था। इस मामले में वकील हरिशंकर पांडेय ने पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है।

### वकील की मांग, राहुल के बयानों पर केस दर्ज किया जाए

एडवोकेट ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लगातार सनातन धर्म के पूर्व अवतारों और महान प्रतीकों पर अनाप-शनाप बयान देकर हिंदुओं को अपमानित कर रही। उन्होंने कोर्ट से राहुल के इन स्टेटमेंट पर केस दर्ज करने की मांग की। साथ ही फैसले में केस दर्ज करने और गिरफ्तारी तक के आदेश की संभावना जताई।

कोर्ट में याचिकाकर्ता की मेंटेनिबिलिटी (मानसिकता) पर पहले बहस होगी इसके बाद तय होगा कि राहुल गांधी के खिलाफ केस चलाया जाए या नहीं।

## मेधावी विद्यार्थी ही विकसित भारत के वास्तविक शिल्पकार, शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश बनेगा देश में नंबर : केशव प्रसाद

# जीवन में लक्ष्य तय कर परिश्रम के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य मिलेगी



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही विकसित भारत के वास्तविक शिल्पकार हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को साकार करने में आज के युवाओं और विद्यार्थियों की निर्णायक भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। स्पष्ट लक्ष्य, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर हर सफलता प्राप्त की जा सकती है। मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जब विद्यार्थी परिश्रम करता है, शिक्षक समर्पित भाव से मार्गदर्शन देता है और अभिभावक सहयोग एवं प्रेरणा प्रदान करते हैं, तब सफलता की नई इबारत लिखी जाती है। उन्होंने अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी को सफलता की त्रिवेणी बताते हुए कहा कि इनके समन्वित प्रयासों से ही एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में उन्होंने प्रदेश के टॉपर विद्यार्थियों के घर तक सड़क निर्माण को 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम गौरव पथ' योजना से जोड़ने की घोषणा की थी। यह योजना आज भी संचालित है और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**मौर्य सोमवार को गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित अमर उजाला के 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह-2026' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।**



### उत्तर प्रदेश में आज पढ़ने और पढ़ाने का सकारात्मक माहौल बना

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज पढ़ने और पढ़ाने का सकारात्मक माहौल बना है। एक समय प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में नकल की समस्या व्यापक चर्चा का विषय हुआ करती थी, लेकिन आज पारदर्शी और नकलविहीन परीक्षा प्रणाली के कारण उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों की प्रतिभा पूरे देश में नई पहचान बना रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश जिस प्रकार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा।

### देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा

मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, नवाचार, सुरक्षा, सुशासन और सामाजिक समानता के क्षेत्र में भी विश्व के अग्रणी राष्ट्रों की श्रेणी में स्थान प्राप्त करना है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हुए प्रधानमंत्री जी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उल्लेख किया और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों से इस अभियान से जुड़ने का आग्रह किया।

## गोरखपुर मुठभेड़ में गिरफ्तार लुटेरे की हार्ट अटैक से मौत

### सराफा की दुकान में की थी लूट, पैर में लगी थी पुलिस की गोली

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर के गोला की सराफा दुकान में हुई लूटकांड के मुख्य आरोपी सहारनपुर के देवबंद कस्बा निवासी मेहंदी हसन (35) की रविवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद आरोपी को जेल भिजवाया गया था। जहां शनिवार देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई।

हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां रविवार दोपहर करीब 12 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई गई है, जबकि वास्तविक कारण स्पष्ट करने के लिए विसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

यह घटना 27 अप्रैल की है। जब दो युवक गोला स्थित देवांश स्वर्णकला केंद्र में ग्राहक बनकर पहुंचे थे। उन्होंने चांदी की अंगूठी दिखाने के बहाने दुकानदार का ध्यान भटकाया और मौका पाकर सोने की झाली की पुड़िया लेकर फरार हो गए। पीछा कर दुकानदार अमृता वर्मा बदमाश को पकड़ भी लिया था। इस दौरान धक्का-मुक्की की गई, जिसमें वह घायल हो गई थीं। इसके बाद बदमाश भाग निकला था। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया था। वारदात के 48 घंटे बाद भी पुलिस ने मुख्य आरोपी मेंहदी हसन समेत पांच साथियों रेहान, सागीर अली, मुस्तफा और अफजल अली को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था।



## दावा : चौड़ीकरण में तेजी, अब तक बांटा जा चुका 51 करोड़ मुआवजा, 126 मकान ढहाए

# तीन महीने में दालमंडी सड़क पब्लिक को सौंपने की तैयारी



तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिलान्यासित दालमंडी चौड़ीकरण परियोजना को लेकर पीडब्ल्यूडी ने बड़ा दावा किया है। विभाग का कहना है कि अगले दो से तीन सप्ताह में ध्वस्तीकरण पूरा कर सड़क निर्माण शुरू कर दिया जाएगा और तीन महीने के भीतर नई सड़क जनता को सौंपने का लक्ष्य है।

अब तक 126 मकानों पर कार्रवाई हो चुकी है और 51 करोड़ रुपये मुआवजा वितरित किया जा चुका है। 30 और 31 मई को 29 मकानों के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया की गई। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन के के सिंह ने बताया- वाराणसी की दालमंडी गली का चौड़ीकरण कार्य पीडब्ल्यूडी को मिला है। पीडब्ल्यूडी ने यहां जुलाई 2025 से सितंबर 2025 तक 181 मकान और 6 धार्मिक स्थलों को चिह्नित कर सभी लाल निशान लगाने की कार्रवाई की थी।



### अब तक 126 मकानों पर हुई कार्रवाई

के के सिंह ने बताया- दालमंडी में चिह्नित मकानों की सितंबर 2025 से रजिस्ट्री कराई जा रही है। यहां चौड़ीकरण के लिए ध्वस्तीकरण का काम 29 अक्टूबर 2025 से शुरू हुआ था। तब से लेकर 31 मई 2026 तक 126 मकानों पर ध्वस्तीकरण का हथौड़ा चलना शुरू हुआ है। जिसमें 60 से अधिक मकानों को पूरी तरह तोड़ लिया गया है। कुछ का मलबा रह गया है जिन्हे हटाने का काम जारी है।

### 51 करोड़ दिया जा चुका है मुआवजा

केके सिंह ने बताया - दालमंडी चौड़ीकरण में चिह्नित मकानों के कास्तकारों को अभी तक कुल 51 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है। कुल मुआवजा राशि 191 करोड़ रुपए शासन ने आंकी थी। जिसमें से अभी तक 51 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं और बची हुई संपत्तियों की लगातार रजिस्ट्री हो रही रही और उन्हें मुआवजा दिया जा रहा है।

### अयोध्या में भाकियू भानू का तहसील पर धरना

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने सोमवार को मिल्कीपुर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेश प्रमुख महासचिव रमेश तिवारी के नेतृत्व में किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बोडेपुर गांव की सुनीता प्रियदर्शी का मामला प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने बताया कि धारा 67-ए के तहत आवासीय पट्टे की फाइल एसडीएम न्यायालय से चोरी हो गई थी। एसडीएम ने 15 दिनों में नई फाइल तैयार कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक वर्ष बाद भी पट्टा नहीं किया गया है।

किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष द्रिगपाल ने आरोप लगाया कि उनके खेत के पास चकरोड और नाली होने के बावजूद लेखपाल ने उनके खेत में निजी विद्युत लाइन का खंभा गड़वा दिया। शिकायत के बाद भी गलत रिपोर्ट लगाई जा रही है। इस पर एसडीएम सुधीर कुमार ने दूसरे क्षेत्र के लेखपाल से जांच कराने का आश्वासन दिया।

# विश्व पर्यावरण महोत्सव के तृतीय दिवस पर भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

### युवा पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है - जसपाल सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा Environment, Agriculture and Education Society (EAES), Bareilly एवं BRIJ Vigyan Bharti के सहयोग से आयोजित "7-दिवसीय विश्व पर्यावरण महोत्सव – 2026" के तृतीय दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबन्धन समिति के सचिव श्री देवमूर्ति के संरक्षण, प्राचार्य प्रो. ओ.पी. राय के निर्देशन तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक डॉ. अतुल यादव एवं पूर्व निदेशक प्रो. ए.पी. सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया जा रहा है। भाषण प्रतियोगिता का विषय "प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" रखा गया था। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी, द्वितीय वर्ग में स्नातक (UG) तथा तृतीय वर्ग में स्नातकोत्तर (PG) एवं पीएच.डी. स्तर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण तथा सतत विकास जैसे विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।



प्रतिभागियों में अभय सिंह ने जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और युवाओं की जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किए। ओम शर्मा ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। हर्षवर्धन ने बढ़ते प्रदूषण और उसके मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हर्ष यादव ने प्रकृति और मानव जीवन के गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए सतत विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## अम्बेडकरनगर में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने की तैयारी, शिक्षक संगठनों ने किया स्वागत

# शिक्षा विभाग में नई कमान

**बदलाव**

- विभागीय समन्वय और पारदर्शिता पर जोर
- शिक्षक संगठनों ने जताई सकारात्मक उम्मीद




बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले के शिक्षा विभाग में सोमवार को प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला। बीएसए पूनम मिश्रा और डीआईओएस डॉ. कौस्तुभ सिंह ने अपने-अपने पदों का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालते ही दोनों अधिकारियों ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और अनुशासित बनाने पर जोर दिया।पदभार ग्रहण के दौरान विभागीय अधिकारियों और शिक्षक संगठनों ने नवागत अधिकारियों का स्वागत किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रतिनिधियों ने भी अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं।

नवागत डीआईओएस डॉ. कौस्तुभ सिंह इससे पहले अयोध्या में एडी बेसिक के पद पर तैनात थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से संवाद किया।उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में अनुशासन और कार्य संस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने संकेत दिए कि लापरवाही और ढिलाई पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलेगा।डीआईओएस ने शिक्षा व्यवस्था को समयबद्ध और परिणाममुखी बनाने पर जोर दिया।

> दोनों अधिकारियों ने प्रारंभिक स्तर पर विभागीय कार्यों की समीक्षा और समन्वय पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी स्तरों पर टीमवर्क जरूरी है।शिक्षा विभाग में कार्यों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

नए अधिकारियों के पदभार संभालने पर शिक्षक संगठनों ने स्वागत किया। संगठन प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में शिक्षा विभाग की व्यवस्थाएं अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित होंगी।



### बीएसए का फोकसः स्कूलों में उपस्थिति और गुणवत्ता सुधार

नवागत बीएसए पूनम मिश्रा इससे पहले प्रयागराज स्थित माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय में उप सचिव के पद पर कार्यरत थीं। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि जिले में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार उनकी प्राथमिकता होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू की जाएगी। साथ ही कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता को मजबूत करने और छात्रों के सीखने के स्तर में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# पुलिस थानों में 'नई शुरुआत' चार जगह बदली जिम्मेदारी

## कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एसपी ने किया प्रशासनिक फेरबदल

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिले की पुलिस व्यवस्था में सोमवार को नया बदलाव देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने चार थानों के प्रभारी निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। इस बदलाव के बाद कई थानों में नई जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल को थानों की कार्यप्रणाली को और तेज और प्रभावी बनाने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

फेरबदल के बाद चारों थानों में नए प्रभारी अधिकारियों की तैनाती हो गई है। अब सभी अधिकारी अपने-अपने नए स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया में जुट गए हैं।

पुलिस विभाग में इस बदलाव के बाद थानों की कार्यशैली में तेजी और समन्वय बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बदलाव को पुलिसिंग सिस्टम में नई ऊर्जा जोड़ने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि नई तैनाती से थानों में कामकाज अधिक सक्रिय होगा और जनता से जुड़े मामलों में तेजी आएगी। चार थानों में हुई इस अदला-बदली के बाद पुलिस महकमे में चर्चा का माहौल है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि नई टीम अपने-अपने क्षेत्रों में किस तरह कामकाज संभालती है।

### चार थाने, चार नई जिम्मेदारियां

जारी आदेश के अनुसार अकबरपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्री निवास पांडेय को भीटी थाने की कमान दी गई है। जहांगीरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह अब अकबरपुर कोतवाली की जिम्मेदारी संभालेंगे।

भीटी थाने के पूर्व प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र बहादुर सिंह को आलापुर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं आलापुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक रितेश पांडेय को जहांगीरगंज थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

**फास्ट न्यूज**

### मां का आरोप, बेटी को बंधक बनाकर किया गैंगरेप

वाराणसी। वाराणसी में स्कूल के लिए निकली 14 साल की दलित छात्रा से 20 दिन तक गैंगरेप किए जाने का मामला सामने आया है। परिजन का आरोप है कि तीन युवकों ने उसका अपहरण कर बंधक बनाकर कई दिनों तक दुष्कर्म किया। पुलिस से बचने के लिए जगह बदलते रहे। सुरक्षित ठिकाने की तलाश में एक युवक के बंद मकान पर रखा तो उनको भनक लगी।

### खेतों की जरूरत पूरी, उर्वरक की पर्याप्त आपूर्ति का दावा

अम्बेडकरनगर। जिले में खरीफ सीजन से पहले किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता को लेकर स्थिति संतोषजनक बताई गई है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी ने बताया कि यूरिया और डीएपी सहित प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सहकारिता समितियों और निजी विक्रय केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद रखी गई है, जिससे किसानों को लाइन या कमी जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यूरिया का 3470 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 21221 मीट्रिक टन की आपूर्ति की गई है।

### गोरखपुर में हत्या के 5 आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर के सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ढखवा बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर 30 मई को पिंटू लाल (25) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सिकरीगंज पुलिस ने सोमवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी बाहर भागने की फिराक में थे। इससे पहले दबोच लिया गया।

## मिशन योगी अगेन सीएम की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

### संगठन विस्तार पर बनी रणनीति शिवबाबा धाम में जुटे पदाधिकारी

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। मिशन योगी अगेन सीएम उत्तर प्रदेश संगठन की जिला कार्यकारिणी बैठक रविवार को शिवबाबा धाम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिवबाबा धाम के महंत ओमप्रकाश गोस्वामी ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष आचार्य मंटू तिवारी ने किया। बैठक में संगठन की गतिविधियों, विस्तार योजना और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश संयोजक एवं पूर्व वायुसेना अधिकारी स्वामी ओमप्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

बैठक में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश संयोजक ने कहा कि संगठन समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद और जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष आचार्य मंटू तिवारी ने कहा कि अगले एक माह के भीतर जिला कार्यकारिणी का विस्तार पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी छह माह में जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो हजार लोगों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से जिले में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा।

# पीएम किसान योजना : ई-केवाईसी अनिवार्य पारदर्शिता के लिए सख्ती

## 30 जून तक प्रक्रिया पूरी न करने पर किस्त पर रोक संभव

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। योजना का लाभ लगातार प्राप्त करने के लिए किसानों को वर्ष में एक बार ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय पर ई-केवाईसी न कराने की स्थिति में आगामी किस्तों का भुगतान रोका जा सकता है। इसका उद्देश्य योजना में पारदर्शिता बढ़ाना और वास्तविक लाभार्थियों तक ही सहायता पहुंचाना है। उपकृषि निदेशक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य डाटा को अद्यतन रखना और अपात्र या




निष्क्रिय लाभार्थियों को योजना से अलग करना है। इससे केवल पात्र और जीवित किसानों को ही योजना का लाभ मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए किसानों को कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे प्रक्रिया सरल और सुलभ हो सके।

लाभार्थी किसान नजदीकी जनसेवा केंद्र पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके अलावा पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से फेस ई-केवाईसी की सुविधा भी उपलब्ध है।

ग्राम नोडल अधिकारी (वीएनओ) और कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की मदद से भी किसान यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

जिला कृषि विभाग की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि सभी लाभार्थी किसान 30 जून तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी पूरी कर लें। समय पर प्रक्रिया पूरी न करने पर लाभार्थी को अपात्र श्रेणी में रखा जा सकता है और आगामी किस्त पर रोक लग सकती है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर लें ताकि योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोग

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी तथा अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित शाखाओं और थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए।

जनसुनवाई में पहुंचे लोगों को उनकी शिकायतों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए और निर्धारित समय के भीतर उनका निस्तारण कराया जाए।

## कलेक्ट्रेट में सम्मान समारोह, हाईस्कूल और इंटर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिला सम्मान

# यूपी बोर्ड 2026: जिले में मेधावियों का सम्मान




तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय सम्मान समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टॉप छात्रों को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ के लोक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

समारोह में जानकारी दी गई कि प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में शामिल जिले के पांच हाईस्कूल विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री द्वारा राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया गया। जनपद स्तर पर सम्मानित हाईस्कूल वर्ग के मेधावियों में श्रेया पाण्डेय, श्रेया श्रीवास्तव, उन्नति सिंह, सौम्या मौर्या और आर्या सिंह शामिल रहीं। सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।




### असफलता से नहीं, प्रयास छोड़ने से रुकती है सफलता

समारोह के दौरान उन विद्यार्थियों का भी उत्साह बढ़ाया गया, जिन्हें अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। संदेश दिया गया कि सफलता का रास्ता निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से होकर गुजरता है तथा हर परीक्षा भविष्य की नई संभावनाओं का द्वार खोलती है।

### 21 हजार रुपये, मेडल और प्रशस्ति-पत्र से नवाजे गए मेधावी

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के चयनित विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये की प्रतीकात्मक धनराशि, प्रशस्ति-पत्र और मेडल प्रदान किए गए। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक और शिक्षक भी समारोह के साक्षी बने।

> कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यार्थियों की सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। कहा गया कि ऐसे छात्र आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करते हैं।

# टीओटी प्रशिक्षण सम्पन्नः संवैधानिक मूल्यों और अधिकारों पर बनी समझ

## ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत आयोजित हुआ प्रशिक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विकासखंड जलालपुर क्षेत्र में जन शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय टीओटी (Training of Trainers) प्रशिक्षण 29 से 31 मई 2026 तक जन शिक्षण केंद्र मुख्यालय पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संविधान, मौलिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की गहन समझ देना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को समुदाय आधारित पैरवी, अधिकारों की पहचान और स्थानीय समस्याओं को संवैधानिक ढांचे से जोड़कर समाधान की प्रक्रिया पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव



नीलम वर्मा ने किया। उन्होंने मौलिक अधिकारों, महिलाओं के अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और संविधान में निहित मूल्यों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षक प्रवीण (वी द पीपुल अभियान) ने सहभागी विधि से प्रशिक्षण दिया। पावर गेम और समूह गतिविधियों के माध्यम से मौलिक अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक तत्व और नागरिक कर्तव्यों को सरल तरीके से समझाया गया। प्रशिक्षण में संविधान की उद्देशिका में निहित मूल्यों जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता, गरिमा, बंधुता और राष्ट्र की एकता पर विशेष चर्चा हुई। इसके साथ ही संविधान निर्माण प्रक्रिया, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और ग्राम पंचायत शासन व्यवस्था की भूमिका को भी समझाया गया।

कार्यकर्ताओं को यह भी बताया गया कि किस प्रकार स्थानीय स्तर पर समस्याओं को दस्तावेजीकरण और कानूनी प्रक्रिया से जोड़कर प्रभावी पैरवी की जा सकती है।

पुष्पा ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल जानकारी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे प्रतिभागियों की संवैधानिक समझ और अधिकार आधारित दृष्टिकोण मजबूत हुआ है। इससे कार्यकर्ता समुदाय में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे।

# तहसील में प्यासे लोग, महीनों से खराब पड़ा आरओ प्लांट

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। आलापुर तहसील मुख्यालय परिसर में लगा पेयजल आरओ प्लांट कई महीनों से खराब पड़ा है। भीषण गर्मी के बीच यहां आने वाले वादकारियों, फरियादियों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग तहसील परिसर में पहुंचते हैं, लेकिन शुद्ध पेयजल की सुविधा बंद होने से उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार आरओ प्लांट लंबे समय से खराब है। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को होने के बावजूद अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है।

भीषण गर्मी में ठंडे और स्वच्छ पानी की जरूरत अधिक होती है, लेकिन व्यवस्था ठप होने से स्थिति और कठिन हो गई है।

अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि तहसील परिसर में अधिवक्ता, मुंशी और फरियादी सभी को पेयजल के लिए परेशानी हो रही है। कई बार जानकारी देने के बावजूद समाधान नहीं किया गया।

लोगों ने कहा कि यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं ने मांग की है कि आरओ प्लांट को तत्काल ठीक कराया जाए और तहसील परिसर में पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तहसील मुख्यालय पर ही पेयजल व्यवस्था ठप है, तो अन्य कार्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**राहत : बढ़ते मरीजों के दबाव के बीच बड़ा फैसला, दूर-दराज से आने वालों को मिलेगा अतिरिक्त समय**

# इलाज के लिए अब नहीं भागना पड़ेगा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने ओपीडी का समय बढ़ाकर अब शाम 4 बजे तक कर दिया है। नए निर्णय के बाद मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिए पहले की तुलना में अधिक समय मिलेगा।

मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। इनमें जिले के अलावा आसपास के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीज भी शामिल होते हैं। कई बार समय की कमी के कारण मरीजों को इलाज कराए बिना लौटना पड़ता था। इसी स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने ओपीडी सेवाओं की अवधि बढ़ाने का निर्णय



लिया है। महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज जिले का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए समय विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रशासन के फैसले से अब अधिक मरीजों को उपचार का लाभ मिल सकेगा। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय जनहित और मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखकर लिया गया है। नए समय के लागू होने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ेगा और अधिक लोगों को समय पर इलाज उपलब्ध हो सकेगा। ओपीडी का समय बढ़ने से विशेष रूप से उन मरीजों को लाभ मिलेगा, जो लंबी दूरी तय कर मेडिकल कॉलेज पहुंचते हैं और पहले सीमित समय के कारण परेशानी का सामना करते थे।

> विशेषज्ञों का मानना है कि ओपीडी का समय बढ़ने से मरीजों की भीड़ एक ही समय में केंद्रित नहीं होगी। इससे पंजीकरण काउंटर और चिकित्सकीय कक्षों पर दबाव कम होने की संभावना है। मरीजों को भी अपनी सुविधा के अनुसार अस्पताल पहुंचने का अवसर मिलेगा।

### मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता

मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। ओपीडी का समय बढ़ने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने, पंजीकरण कराने और चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।

प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को बिना चिकित्सकीय परामर्श के वापस नहीं लौटने दिया जाएगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले विवेक मौर्य संगठन और जनसरोकारों पर हुई चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। नारायण फाउंडेशन के संरक्षक एवं भाजपा नेता विवेक मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर विभिन्न संगठनात्मक और जनसरोकार से जुड़े विषयों पर चर्चा की। यह भेंट लखनऊ में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

मुलाकात के दौरान संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समाज के विभिन्न वर्गों तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही क्षेत्रीय विकास और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विवेक मौर्य ने प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान संगठनात्मक कार्यों और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे जनसंपर्क अभियानों और समाजसेवा से जुड़े प्रयासों पर भी



चर्चा की। मुलाकात के बाद विवेक मौर्य ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष से मार्गदर्शन प्राप्त करना प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। विवेक मौर्य ने कहा कि जनसेवा और सामाजिक सरोकार उनके सार्वजनिक जीवन की प्राथमिकता हैं।

# सम्पादकीय

## बंगाल में हिंसा



पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के तत्काल बाद जो हिंसा हुई थी और जिसमें भाजपा एवं तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर हमले किए थे, वह करीब-करीब थम गई थी, लेकिन पिछले दिनों जिस तरह टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हमला हुआ और गत दिवस इसी पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी भी भीड़ के आक्रोश एवं पथराव का शिकार हुए, वह कोई शुभ संकेत नहीं। इस सिलसिले को रोका ही जाना चाहिए। यह स्वाभाविक है कि अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी के साथ गुस्साई भीड़ ने जो धक्कामुक्की एवं मारपीट की, उसे तृणमूल कांग्रेस एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हालिया चुनाव के बाद जो हिंसा देखने को मिली, उसकी तुलना उस भीषण अराजकता से नहीं की जा सकती, जो पिछले विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद देखने को मिली थी। उस समय तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं-नेताओं और उनके समर्थकों ने विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा के उन लोगों पर कहर बरपाया था, जिनके बारे में उन्हें शक था कि उन्होंने ममता की पार्टी को वोट नहीं दिया। वह अराजकता इतनी भयावह एवं आतंकित करने वाली थी कि कई लोगों को अपनी जान बचाने के लिए असम में जाकर शरण लेनी पड़ी थी। यदि तब ममता बनर्जी ने उस हिंसा को गंभीरता से लिया होता और उस पर रोक लगाने की कोशिश की होती तो शायद आज जो कुछ देखने को मिल रहा है, वह नहीं दिखता। यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि ममता बनर्जी ने अपने शासन में कानून एवं व्यवस्था को कलंकित करने वाली उस हिंसा से पल्ला झाड़ लिया था। उन्होने ऐसा ही उसके बाद की राजनीतिक हिंसा के मामले में भी किया। बंगाल के बारे में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यहां राजनीतिक एवं चुनावी हिंसा का एक लंबा दौर रहा है। एक तरह से राजनीतिक एवं चुनावी हिंसा बंगाल की राजनीतिक संस्कृति बन गई है। भाजपा को प्राथमिकता के आधार पर हिंसा की इस संस्कृति को खत्म करना होगा। उसे ऐसा इसके बावजूद करना होगा कि इस बार हिंसा का वैसा भयावह रूप देखने को नहीं मिला है। भाजपा सरकार को न केवल पुलिस-प्रशासन को आवश्यक निर्देश देने होंगे, बल्कि अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को यह संदेश देना होगा कि किसी भी तरह की हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। बंगाल में हर स्तर पर वास्तविक सुधार के लिए यह आवश्यक ही नहीं, बल्कि अनिवार्य है कि कानून एवं व्यवस्था को ठीक करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इससे ही राज्य सही तरह से पटरी पर आएगा। कोई भी राज्य सही तरह से तभी आगे बढ़ता है, जब वहां कानून एवं व्यवस्था नियंत्रित होती है।

# क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता कोरा बुलबुला है या वास्तविक चुनौती?




“ एआई के बढ़ते प्रभाव के साथ रोजगार और अर्थव्यवस्था में भी व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं। अनेक क्षेत्रों में नियमित और दोहराव वाले कार्य मशीनों द्वारा किए जाने लगे हैं। इससे यह आशंका उत्पन्न हुई कि बड़ी संख्या में रोजगार समाप्त हो जाएंगे।



मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसी क्रांतियां हुई हैं जिन्होंने जीवन की दिशा और दशा दोनों को बदल दिया। कृषि क्रांति ने मनुष्य को स्थायित्व दिया, औद्योगिक क्रांति ने उत्पादन और श्रम की परिभाषा बदली, सूचना क्रांति ने ज्ञान और संचार की सीमाएं समाप्त कर दीं। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की क्रांति मानव इतिहास के एक नए मोड़ पर खड़ी है। यह केवल एक तकनीकी परिवर्तन नहीं है, बल्कि मनुष्य की बुद्धि, निर्णय क्षमता, रोजगार, सामाजिक संरचना, शासन व्यवस्था और यहां तक कि उसके अस्तित्व और अस्मिता से जुड़ा प्रश्न बन चुकी है। यही कारण है कि आज विश्वभर में यह बहस तेज हो रही है कि क्या एआई मानव जीवन के लिए वरदान सिद्ध होगी या वह धीरे-धीरे मनुष्य के महत्व को ही चुनौती देने लगेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल मशीनों को चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उन कार्यों को भी करने लगी है जिन्हें लंबे समय तक केवल मनुष्य की विशिष्ट क्षमता माना जाता था। लेखन, चित्र निर्माण, संगीत रचना, रोगों का निदान, न्यायिक विश्लेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रशासनिक निर्णय जैसे क्षेत्रों में इसकी बढ़ती उपस्थिति ने अनेक नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यदि मशीनें सोचने, सीखने और निर्णय लेने लगेंगी तो मनुष्य की विशिष्टता क्या रह जाएगी? यह प्रश्न केवल तकनीकी नहीं, बल्कि दार्शनिक और नैतिक भी है। मानव अस्मिता का आधार उसकी चेतना, संवेदना, रचनात्मकता और नैतिक विवेक है। एआई के पास विशाल सूचनाओं का भंडार और तीव्र गणनात्मक क्षमता अवश्य है, लेकिन उसके पास अनुभवजन्य चेतना, करुणा, आत्मबोध और मूल्यबोध नहीं है। फिर भी जब मशीनें कविता लिखती हैं, चित्र बनाती हैं और संवाद करती हैं, तब यह भ्रम उत्पन्न होने लगता है कि वे मनुष्य का स्थान ले सकती हैं। वास्तव में चुनौती यह नहीं है कि मशीनें मनुष्य बन जाएंगी, बल्कि यह है कि कहीं मनुष्य स्वयं मशीनों की तरह व्यवहार करने न लगे। यदि जीवन का प्रत्येक निर्णय गणनात्मक दक्षता और आंकड़ों के आधार पर होने लगे, तो मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्य हाशिये पर जा सकते हैं। इसी संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उभरता है कि क्या भविष्य में एक नई मानव संरचना का निर्माण होगा? विश्व के अनेक वैज्ञानिक और तकनीकी चिंतक यह मानते हैं कि आने वाले दशकों में जैविक मनुष्य और डिजिटल तकनीक के बीच की दूरी लगातार कम होगी। मस्तिष्क और कंप्यूटर के प्रत्यक्ष संपर्क, कृत्रिम अंगों, स्मृति-विस्तार तकनीकों और जैव-तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से एक ऐसे युग की कल्पना की जा रही है जहां मनुष्य और मशीन का सम्मिलित स्वरूप विकसित हो सकता है। यह संभावना जितनी आकर्षक दिखाई देती है, उतनी ही चिंताजनक भी है। यदि तकनीकी रूप से उन्नत मनुष्य और सामान्य मनुष्य के बीच गहरी खाई बन गई तो सामाजिक असमानता का एक नया रूप सामने आ सकता है।

विश्व की कई बड़ी तकनीकी कंपनियों ने लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के नाम पर कर्मचारियों की संख्या घटाई है। किंतु हाल के अनुभव यह भी बताते हैं कि एआई मानव श्रम का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकी है। जटिल निर्णय, नवाचार, मानवीय संबंधों का प्रबंधन और परिस्थितिजन्य विवेक जैसे क्षेत्रों में मनुष्य की भूमिका अभी भी केंद्रीय बनी हुई है। यहीं पर वैश्विक शोध संस्था गार्टनर की हालिया रिपोर्ट विशेष महत्व रखती है। गार्टनर ने अपनी नवीनतम विश्लेषणात्मक रिपोर्ट में संकेत दिया है कि एआई अब अत्यधिक अपेक्षाओं के शिखर से आगे बढ़कर मोहभंग के चरण में प्रवेश कर रही है। अनेक कंपनियों ने इससे तत्काल आर्थिक लाभ और उत्पादकता में चमत्कारी वृद्धि की उम्मीद की थी, लेकिन वास्तविक परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं मिले। परियोजनाओं की ऊंची लागत, आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं, गलत या भ्रामक उत्तर देने की प्रवृत्ति और स्पष्ट उपयोगिता सिद्ध न कर पाने जैसी समस्याएं सामने आई हैं। रिपोर्ट में यह आशंका भी व्यक्त की गई है कि लगभग एक-तिहाई परियोजनाएं प्रारंभिक चरण के बाद बंद हो सकती हैं क्योंकि वे अपने निवेश के अनुरूप परिणाम देने में असफल रही हैं। यह निष्कर्ष इस धारणा को चुनौती देता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तत्काल सभी समस्याओं का समाधान बन जाएगी।

हालांकि इसका अर्थ यह नहीं है कि एआई एक अस्थायी बुलबुला है जो शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा। इतिहास बताता है कि हर बड़ी तकनीकी क्रांति के प्रारंभिक चरण में उत्साह और अतिशयोक्ति दोनों मौजूद रहते हैं। बाद में वास्तविक उपयोगिता के आधार पर उसका संतुलित विकास होता है। इंटरनेट के साथ भी यही हुआ था। प्रारंभिक उत्साह के बाद अनेक कंपनियां समाप्त हो गईं, लेकिन इंटरनेट स्वयं विश्व व्यवस्था का आधार बन गया। एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही होने की संभावना है। अतः इसका अतिशयोक्तिपूर्ण महिमामंडन भी उचित नहीं है और इसके शीघ्र समाप्त हो जाने की कल्पना भी यथार्थवादी नहीं है। व्यापार जगत में एआई की भूमिका निरंतर बढ़ेगी। उत्पादन, विपणन, ग्राहक सेवा, वित्तीय विश्लेषण और आपूर्ति प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका व्यापक उपयोग होगा। इससे कार्यों की गति और दक्षता बढ़ेगी, किंतु साथ ही कार्यबल के स्वरूप में परिवर्तन आएगा। भविष्य में केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि समस्या समाधान, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और भावनात्मक समझ जैसे गुण अधिक महत्वपूर्ण बनेंगे। इसलिए शिक्षा और कौशल विकास की पूरी व्यवस्था को नए सिरे से तैयार करना होगा। प्रशासनिक क्षेत्र में भी एआई शासन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की क्षमता रखती है। नीतिगत विश्लेषण, संसाधनों का वितरण, स्वास्थ्य और शिक्षा योजनाओं का संचालन तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में इसका उपयोग लाभकारी हो सकता है। लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है। यदि नागरिकों के व्यक्तिगत आंकड़ों का अत्यधिक संग्रह और विश्लेषण होने लगे तो निजता और स्वतंत्रता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए तकनीकी दक्षता और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होगा। सैन्य क्षेत्र में एआई का प्रयोग सबसे अधिक चिंताजनक माना जा रहा है।

**ललित गर्ग**

# करणी में अन्तर

हम देख सकतें है कि जिनके व्यवहार क्रिया और सम्भाषण में मधुरता होती है, उन्हें सभी प्यार करते हैं। संसार में शुभ कर्म और उपकार वही करते हैं, जिनका स्वभाव मधुर होता हैं । संवेदना मानवीय व्यवहार की सर्वोत्तम सर्वोत्कृष्ट अनुभूति है। हमारा चिंतन स्वस्थ होगा तो मन भी स्वस्थ होगा। वह मन स्वस्थ होगा तो फिर जीवन स्वस्थ होगा । स्वस्थता, स्वस्थता को बढ़ाती जाती है और वही स्वस्थ जीवन जीने की कला को बलशाली और संकल्पशाली बनाती है । हमारी दुनिया में अलग- अलग स्तर, अलग - अलग दृष्टिकोण वाले और अलग- अलग भुमिकाओं पर जीने वाले आदमी होते हैं । कुछ लोग मिथ्यात्वी - मिथ्या दृष्टि वाले होते हैं तो कुछ सम्यक्तवी सम्यक् दृष्टि वाले होते हैं । वह दोनों ही प्रवृत्ति करते हैं परन्तु दोनों की प्रवृत्ति में अन्तर होता हैं । हम मनुष्य सामाजिक प्राणी होने के नाते हर किसी का कर्तव्य है कि दूसरे से अच्छे व्यवहार की अपेक्षा करने से पहले खुद, सबसे अच्छा व्यवहार करें। पर आज सब चाहते हैं हम जीते, हम ही जीते। बड़े बुजुर्गों की बात काट कर खुश हो जाते हैं । अभिमान से अपनी छोटी -छोटी करनी पर बखान ऐसे करते हैं मानो जैसे हिमालय जीत लिया हो। वह यदि कोई कार्य रुक रहा हो तो कुछ ले देकर काम करवा लेते हैं पर यदि कोई दूसरा करता है तो दोषारोपण करते हैं। महावीर, बुद्ध ,नानक आदि - आदि ने सबसे पहले अपने आचार विचार आदि को ठीक किया और साबित किया कि सद्आचरण के सहारे व्यक्ति जीवन में ऊंचाई की तरफ बढ़ सकता है। वह यदि इनके उपदेशों को सुनने के बजाय अपने जीवन में उतारें तो हम भी ऊंचाइयों की तरफ बढ़ सकते हैं। आचार्य श्री भिक्षु का एक सिद्धान्त हैं मिथ्यात्वी की करणी , मिथ्यात्वी की भी धार्मिक करणी मोक्ष की देश आराधिका होती हैं । वह इस सन्दर्भ में जैनों में कुछ मतभेद भी हैं । मिथ्यात्वी की करणी और सम्यक्तवी की करणी में बहुत अंतर होता हैं । हमारी मान्यता के अनुसार मिथ्यात्वी कोई भी करणी कर ले , उसके संवर धर्म नहीं होता हैं । वह संवर धर्म होगा तो सम्यक्तवी के ही होगा । यह दोनों की करणी में बहुत बड़ा अन्तर हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## तकनीकी सेवा देने...

राजेश श्रीवास्तव

# एनटीए की कीमत पर कितनें छात्रों का जीवन तबाह करेगी सरकार

अभी नीट पेपर लीक की चर्चा और तबाही मन.मस्तिष्क से मिटी भी नहीं थी कि शनिवार को पूरे देश भर में आयोजित सीयूईटी यूजी परीक्षा को लेकर देशभर में एनटीए की फजीहत शुरू हो गयी। बार.बार एजेंसी की नाकामियों से छात्रों का भरोसा टूट रहा है। अब एनटीए ने सीयूईटी यूजी री.एग्जाम को लेकर जरूरी सूचना दी है जो 30 मई को पहली शिफ्ट में तकनीकी गड़बड़ी के बाद हुआ था। देश की दो सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाएं नीट यूजी और सीयूईटी यूजी आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ;एनटीएद्ध ने एक बार फिर छात्रों और अभिभावकों को निराश किया है। नीट पेपर लीक में एनटीए की बड़ी नाकामी का विवाद अभी थमा भी नहीं था कि अब सीयूईटी यूजी में फजीहत झेलनी पड़ रही है। 30 मई को सीयूईटी यूजी में हुई तकनीकी गड़बड़ी को लेकर एनटीए माफी मांग रही है। साथ ही छात्रों के लिए खास व्यवस्था के साथ री.एग्जाम कराने की बात कही है।

दरअसलए अंडरग्रेजुएट कोर्स में एडमिशन के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवारए 30 मई 2026 को सीयूईटी यूजी एग्जाम देने उम्मीदवार एग्जाम देने पहुंचेए लेकिन कई एग्जाम सेंटर पर काफी देर इंतजार करने के बाद भी पहली शिफ्ट का एग्जाम शुरू नहीं हो पाया। कई



स्टूडेंट्स का कहना है कि कई परीक्षा केंद्रों पर अचानक कंप्यूटर फ्रीज हो गए और सर्वर ठप पड़ गया। तकनीकी सेवा देने वाली कंपनी श्टीसीएस आईओएनष् के सिस्टम में आई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से परीक्षा समय पर शुरू नहीं हो सकी। उम्मीदवार काफी देर तक कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठे मानसिक तनाव और असमंजस से जूझते रहे। काफी देर तक तकनीकी गड़बड़ी से जूझ रहे तीन हजार से ज्यादा छात्र बिना एग्जाम दिए एग्जाम सेंटर छोड़कर चले गए। हालांकि बहुत देर तक चली अफरा तफरी के बाद परीक्षा फिर से शुरू हुई। इसके बाद दूसरी शिफ्ट का पेपर 3 बजे के बजाय 4 बजे से शुरू हुआ। छात्रों की परेशानी को लेकर एनटीए ने कॉलेज में एडमिशन की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों से माफी मांगी है। एनटीए कहाए श्आज पहलेए कुछ सेंटर्स पर एक तकनीकी गड़बड़ी हुई जिससे शिफ्ट 1 शुरू होने में देरी हुई। हम जानते हैं कि यह तनावपूर्ण थाए और इससे हुई परेशानी के लिए हम माफी चाहते हैं।ष् एनटीए ने साथ ही तकनीकी सेवा प्रदाताए टीसीएस से कहा है कि वह इस गड़बड़ी के मूल कारण का विश्लेषण करे और अपनी रिपोर्ट तुरंत जमा करे। जो उम्मीदवार 30 मई की पहली शिफ्ट में पेपर दिए बिना घर चले गए थेए एनटीए उनके लिए स्पेशल री.एग्जाम आयोजित करेगा। एनटीए ने कहा किए ज्यादातर उम्मीदवार ;लगभग 95ःद्ध परीक्षा फिर से शुरू होने के बाद उसे पूरा कर पाए। हम समझते हैं कि 3ए765 उम्मीदवार जो मौजूद थे और जिन्होंने बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया थाए उन्होंने परीक्षा फिर से शुरू होने से पहले ही सेंटर छोड़ दिया। इन उम्मीदवारों के लिएए एनटीए एक विशेष व्यवस्था के तहत परीक्षा दोबारा आयोजित करेगा। नई तारीख और अन्य जानकारी अलग से घोषित की जाएगी।

सवाल यह है कि एनटीए ऐसी ही और कितनी गलतियां करेगी और कितनी बार माफी मांगेगा। एजेंसी ने माना कि गलती हुई है लेकिन गलती मानने से होगा क्याण् जिन बच्चों ने एग्जाम हाल में बैठकर वापसी की राह पकड़ीए उसकी भरपाई कौन करेगा। आखिर एनटीए में कौन है जिसको सरकार इतनी फजीहत होने और झेलने के बाद भी बचाने की कोशिश कर रही है। आखिर कितने और बच्चों को अपने बलिदान की इबारत लिखनी होगी। कितनी और परीक्षाएं लीक होते सरकार देखना चाहती है कितनी परीक्षाओं को निरस्त होते देखना चाहती है। अब आम लोग भी एनटीए को श्नेवर टेस्टिंग एजेंसीष् की संज्ञा देने लगे हैं। नीट और सीबीएसई परीक्षाओं की अव्यवस्था इस पूरे हफ्ते चर्चा में रहीं। नीट के लीक पर विपक्ष शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांग रहा है। वहींए दूसरी तरफ ये लीक का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जवाबदेही तय किए बिना ऐसी घटनाएं नहीं रुकेंगी। कोर्ट ने छात्रों और परिवारों की पीड़ा पर चिता जताई। ये नाकामी है सरकार की। हालात ये पहुंच गए हैं कि जहां सिविलियन इंस्टीट्यूशन्स हैं जिनकी जिम्मेदारी है एग्जामिनेशन कंडक्ट करना और वो आपने वो बनाए भी उस तरह के इंस्टीट्यूशंस हैं और लेकिन वहां पे आपको अब एयरफोर्स की मदद लेकर पेपर ड्रॉप करने की स्थिति आपकी पैदा हो गई है।

# अपनी सांस्कृतिक विरासत जुड़कर बरेली में उभरने लगे नाथ नगरी के रंग

उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसे आधुनिक विकास से जोड़ने के प्रयासों के तहत बरेली का नाथ कॉरिडोर इस समय एक बेहद महत्वपूर्ण और दूरगामी परियोजना के रूप में आकार ले रहा है। अयोध्या और काशी जैसी सांस्कृतिक नगरियों के वैश्विक पुनरुद्धार के बाद अब प्रदेश सरकार प्राचीन नाथ परंपरा के ऐतिहासिक केंद्र बरेली के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को नए सिरे से स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस समय करीब साठ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इस महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सदियों पुराने धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कर वहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना है। बरेली के चारों कोनों और मध्य क्षेत्र में फैले प्राचीन शिव मंदिरों को एक सुव्यवस्थित सर्किट के रूप में जोड़कर न केवल आस्था के केंद्रों को नया स्वरूप दिया जा रहा है, बल्कि इस पूरे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को बदलने की भी मजबूत आधारशिला रखी जा रही है। विकास और विरासत के इस अनूठे समन्वय से बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में सुधार के कार्य चल रहे हैं, जो आने वाले समय में समूचे जनपद के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने का काम कर रहे हैं। इस पूरी कार्ययोजना के तहत बरेली के सात ऐतिहासिक और पौराणिक शिव मंदिरों को आपस में जोड़कर एक सुदृढ़ कनेक्टिविटी तंत्र का निर्माण किया जा रहा है, जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच की दूरी कम हो रही है। लगभग नौ सौ तीस वर्ष पुराने अलखनाथ मंदिर परिसर में इस समय व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिनमें एक आधुनिक वैदिक लाइब्रेरी और भव्य मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार बाबा त्रिवटी नाथ जी मंदिर में नवदुर्गा मंदिर भवन और विशाल सत्संग हॉल के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की विशेष व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तपेश्वर नाथ मंदिर में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे अंडरपास और सड़कों के चौड़ीकरण की योजना पर काम चल रहा है, जिस पर बड़े पैमाने पर वित्तीय निवेश किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त मढ़ीनाथ, धोपेश्वर नाथ, वनखंडी नाथ और पशुपतिनाथ मंदिरों में एकीकृत विकास नीति के तहत यात्री विश्राम गृह, परिक्रमा मार्ग, आकर्षक एलईडी लाइटिंग, व्यवस्थित प्रसाद केंद्र और डिजिटल सूचना बोर्ड स्थापित करने के कार्य गति पकड़ रहे हैं। इन बुनियादी बदलावों से न केवल आम दिनों में बल्कि सावन के पवित्र महीने में आने वाले लाखों कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और सुविधा-जनक वातावरण मिल सकेगा। इस पूरी परियोजना को धरातल पर उतारने में जिला प्रशासन और विभिन्न विकास प्राधिकरणों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण दिखाई दे रही है, जो आपसी समन्वय से चौबीसों घंटे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति की निगरानी कर रहे हैं। कॉरिडोर के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख चौराहों को भगवान शिव के प्रतीकों जैसे त्रिशूल और डमरू की थीम पर कलात्मक रूप से सजाया जा रहा है, जिससे शहर में प्रवेश करते ही एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही एक बड़े और भव्य मुख्य स्वागत द्वार का निर्माण किया जा रहा है, जो इस पावन नगरी की ऐतिहासिक पहचान को रेखांकित करता है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कॉरिडोर के भीतर केवल इलेक्ट्रिक बसों और ई-रिक्शा जैसे पर्यावरण-अनुकूल वाहनों के संचालन को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि क्षेत्र में प्रदूषण मुक्त वातावरण बना रहे।

## जरा हटके

## उत्तर प्रदेश लंबे ...

प्रवीण मालवीय

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा क्रांति



भारत आज ऊर्जा के क्षेत्र में एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या, तेजी से बढ़ती बिजली की मांग और पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक चुनौतियों के बीच स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू की गई “प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना” देश में ऊर्जा क्रांति का आधार बन रही है। वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यह योजना अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरदर्शी नीतियों, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याण-कारी सोच के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है जहां रूफटॉप सोलर ऊर्जा का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह योजना केवल बिजली बिल कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को “ऊर्जा उत्पादक” बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य भी कर रही है।

उत्तर प्रदेश लंबे समय तक बिजली संकट, कटौती और बढ़ती ऊर्जा मांग जैसी चुनौतियों से जूझता रहा। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में बड़े सुधार हुए हैं। गांवों से लेकर शहरों तक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, नए विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना, ट्रांसमिशन नेटवर्क का विस्तार और रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति जैसी उपलब्धियों ने प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में नई पहचान दी है। अब “सूर्य घर योजना” इस परिवर्तन को नई ऊंचाई दे रही है। प्रदेश सरकार ने इस योजना को केवल एक सरकारी योजना के रूप में नहीं, बल्कि “ऊर्जा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश” के मिशन के रूप में आगे बढ़ाया है। राज्य सरकार लगातार लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करना है। इसके माध्यम से आम नागरिक अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन कर सकते हैं और हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा 3 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर 78,000 तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रु0 30 हजार के अतिरिक्त सहयोग से यह सब्सिडी 1,08,000 तक पहुंच जाती है। इससे मध्यम वर्ग और सामान्य परिवारों के लिए सोलर सिस्टम लगाना बेहद आसान हो गया है। मा.मुख्यमंत्री जी ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आवेदन प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

आज उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां सूर्य घर योजना को लेकर लोगों में सबसे अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज, आगरा, बरेली जैसे शहरों में लाखों घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग तेजी से इस योजना से जुड़ रहे हैं। पहले जहां गांवों में बिजली बिल एक बड़ी चिंता हुआ करता था, वहीं अब लोग अपनी छतों से बिजली उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनने लगे हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के विस्तार को समान प्राथमिकता दे रही है।राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

सूर्य घर योजना का सबसे बड़ा लाभ आम जनता को मिल रहा है। लगातार बढ़ते बिजली बिलों से परेशान परिवारों के लिए यह योजना राहत का बड़ा माध्यम बनकर सामने आई है। एक सामान्य 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम प्रतिमाह लगभग 300 से 450 यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकता है। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी कमी आ रही है।नेट मीटरिंग व्यवस्था के माध्यम से अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजा जा रहा है, जिससे भविष्य के बिलों में और अधिक राहत मिलती है।

सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल मंचों पर लोग इस योजना की खुलकर सराहना कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि सब्सिडी मिलने के बाद सोलर सिस्टम की लागत लगभग 4 से 5 वर्षों में निकल आती है, जबकि इसके बाद अगले 20 से 25 वर्षों तक लगभग मुफ्त बिजली का लाभ मिलता है।यह योजना केवल आर्थिक बचत का माध्यम नहीं है, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान भी है। प्रदेश सरकार का ध्येय है कि प्रदेश का हर परिवार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने और भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को स्वयं पूरा कर सके। सौर ऊर्जा केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। पारंपरिक बिजली उत्पादन में कोयला और अन्य जीवाश्म ईंधनों का उपयोग होता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## मुआवजा न मिलने पर प्रदर्शन, नारा लगाया- जो न माने झंडे से, उसे समझाओ डंडे से

# डंडा हसिया लेकर किसानों ने एलडीए ऑफिस घेरा

**नारेबाजी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयवाद ने आज लखनऊ विकास प्राधिकरण ऑफिस का घेराव किया। बड़ी संख्या में महिला और पुरुष किसान हसिया, लाठी और डंडा लेकर पहुंचे। जमीनों का मुआवजा समेत विभिन्न मांगों को लेकर LDA के खिलाफ नारेबाजी की। जो न माने झंडे से उसे समझाओ डंडे से नारे लगाए। किसानों की LDA के अधिकारियों के बीच नोंक झोंक हुई।

2016 में अंतिम मोहर कोर्ट के द्वारा लगी कि 4.60 पैसे सभी किसानों को दिया जाए। अब LDA



कह रहा है कि हमारे पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, इसलिए हम मुआवजा नहीं दे पाएंगे। जमीन अधिकृत करते समय विभिन्न प्रकार की सुविधा देने की बात कही थी। उसमें मुख्य रूप से प्रत्येक परिवार को नौकरी, आवास, गांव का विकास और किसान भवन समेत तमाम चीजें शामिल थीं। सैंकड़ों बार LDA का घेराव किया, कलेक्ट्रेट गए, मुख्यमंत्री आवास के मगर कहीं भी सुनवाई नहीं हुई।

### ‘घरों में काम करने पर मजबूर महिलाएं’

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि दौड़ते दौड़ते हम लोग परेशान हो गए हैं। शारीरिक रूप से कमजोर हो गए हैं, ना दिखाई पड़ता है, ना चल पाते हैं। फिर भी मजबूरी में बार-बार यहां आना पड़ता है। भीषण गर्मी में हम लोग छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर प्रदर्शन करने आ रहे हैं।

अगर हम लोगों को मुआवजा मिल जाए। चबूतरे मिल जाएं, तो छोटा-मोटा व्यापार कर लें। मुआवजा न मिलने की वजह से दूसरों के घरों में काम करना पड़ रहा है।

> **प्रदर्शन में शामिल किसान विकास ने कहा एलडीए द्वारा किए गए दावे धरातल पर लागू नहीं हुए। विगत कई सालों से लखनऊ विकास प्राधिकरण की आला अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं मगर सुनवाई नहीं हो रही है। सारी चीज हमारे पास लिखित में मौजूद हैं। फिर भी सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। हम किसानों को सरकार और अधिकारी दोनों मिलकर गुमराह कर रहे हैं।**



किसानों ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद उचित जमीनों का मुआवजा नहीं मिला है।

### सालों से उचित मुआवजा नहीं मिलने का आरोप लगाया

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि 40 वर्ष पूर्व 1984 में हमारी जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अधिकृत कर ली गई थी। उस समय 84 पैसे के हिसाब से मुआवजा तय हुआ। हम लोगों ने फिर वार्ता किया, तो मुआवजा 2.5 रुपए हुआ। कुछ लोग कोर्ट चले गए। इसके बाद 4 रुपए 60 पैसे दर के हिसाब से तय हुआ।

# प्रयागराज में सांसद के कार्यक्रम की बिजली काटी

## संजय सिंह बोले- पेपर लीक पर बात करना गुनाह है

**तमसा संकेत, एजेंसी**



प्रयागराज। प्रयागराज में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह सोमवार को एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा और डीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य पर भड़क उठे। संजय सिंह सर्किट हाउस में पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं को लेकर छात्रों के साथ संवाद कर रहे थे। एडीएम और डीसीपी पुलिस फोर्स के साथ कार्यक्रम रुकवाने पहुंच गए।

एडीएम सत्यम मिश्रा ने संजय सिंह से किनारे चलकर बात करने को कहा। इस बात पर संजय सिंह नाराज हो गए। उन्होंने अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई। संजय सिंह ने कहा, क्या मैं कानून व्यवस्था भंग कर रहा हूं, जो आप मुझे रोकने आए हैं। क्या पेपर लीक पर चर्चा करना गुनाह है? आपको सर्किट हाउस के अंदर आने का अधिकार ही नहीं है। अगर मैं सार्वजनिक स्थान या सड़क पर कोई कार्यक्रम करता तो आप एक बार रोक सकते थे। सांसद के अधिकारों का हनन करना चाहते हैं। इसकी शिकायत मैं प्रिविलेज कमेटी से करूंगा। संजय सिंह अपनी कुर्सी से नहीं उठे। आखिरकार अफसर सर्किट हाउस के दूसरे कमरे में जाकर बैठ गए। संजय सिंह ने परीक्षा पर चर्चा जारी रखी। लेकिन जैसे ही वे मीडिया से बात करने के लिए बाहर निकले, हॉल की बिजली काट दी गई। पुलिस ने संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच के संयोजक पंकज पांडेय और आशुतोष पांडेय को हिरासत में लिया है।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ-कानपुर रोड पर 2 घंटे प्रदर्शन

दुबग्गा। मानक नगर क्षेत्र स्थित रामनगर कॉलोनी में गंदे पानी की आपूर्ति से परेशान लोगों के सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए लोगों ने सोमवार को लखनऊ-कानपुर रोड जाम कर दिया। कानपुर से आने वाली लेन पर अवध चौराहा से लेकर इंडियन बैंक के सामने तक जोरदार प्रदर्शन किया। घरों से बोतलों में गंदा पानी भरकर पहुंचे लोगों ने नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में ना तो बिजली मिल रही है ।

### लालबत्ती चौराहे पर सुसाइड की कोशिश

लखनऊ । लखनऊ में लालबत्ती चौराहे पर सोमवार को रोडवेज के 4 संविदाकर्मियों ने सुसाइड की कोशिश की। चारों बॉटल में पेट्रोल लेकर पहुंचे और खुद पर उड़ेलने लगे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़कर बचा लिया। पुलिस के पूछने पर बताया कि हमारी बात नहीं सुनी जा रही है। एक निजी कंपनी में सभी संविदा चालकों-परिचालकों का विलय किया जा रहा है। गौतमपल्ली थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया- आत्मदाह का प्रयास करने वालों में औरैया के मुकेश सैनी, उन्नाव के ज्ञानेंद्र रावत, कानपुर के नितिन श्रीवास्तव और गोंडा के अभिषेक सिंह शामिल हैं।

### आंधी से दीवार ढही, छात्र की मौत

लखनऊ। लखनऊ में मंगलवार शाम को आंधी-बारिश से रहीमाबाद क्षेत्र में दीवार ढह गई। उसके नीचे दबकर कक्षा-3 के छात्र की मौत हो गई। मोहान रोड पर देवपुरी कॉलोनी के पास पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गया। हजरतगंज चौराहा समेत कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। तेज आंधी से हजरत-गंज, गोमतीनगर, सरोजनी नगर में होर्डिंग फट गए।

दोपहर करीब 3 बजे मौसम बदला था।

# उपभोक्ताओं का हक छीनने वालों को नहीं मिलेगी राहत

## पेट्रोलियम कंपनियों को मंत्री की दो टूक

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने पेट्रोलियम कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बापू भवन कार्यालय कक्ष में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता, पारदर्शी वितरण व्यवस्था एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए।



बैठक में मंत्री ने विशेष रूप से नेपाल एवं बिहार की सीमाओं से जुड़े जनपदों में पेट्रोल और डीजल की जमाखोरी तथा कालाबाजारी की प्राप्त शिकायतों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर वास्तविक उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं तथा अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से तेल को अन्य राज्यों अथवा सीमावर्ती क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचे जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। मंत्री ने पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारियों एवं जिला पूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेट्रोल पंपों पर किसी भी प्रकार की जमाखोरी, कृत्रिम अभाव पैदा करना, घटतौली अथवा उपभोक्ताओं के साथ किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बंद कमरे में छात्रों से बातचीत तक की इजाजत नहीं, उत्तर प्रदेश में तानाशाही चरम पर है : संजय सिंह

# ‘युवाओं की आवाज को प्रशासन और लाठी के दम पर नहीं दबाया जा सकता’

**तमसा संकेत, संवाददाता**

प्रयागराज/लखनऊ। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को प्रयागराज में आयोजित ₹पेपर लीक पर चर्चा₹ कार्यक्रम में भाजपा सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और देश में लगातार हो रहे पेपर लीक ने करोड़ों युवाओं की मेहनत और सपनों को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीट समेत विभिन्न भर्ती और बोर्ड परीक्षाओं में हुई धांधली के खिलाफ छात्र अपनी पीड़ा साझा कर रहे थे, लेकिन प्रशासनिक अमला कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गया और पूरी ताकत लगाकर इस शांतिपूर्ण चर्चा को रोकने तथा दबाव बनाने का प्रयास किया। संजय सिंह ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताते हुए प्रदेश के सभी 75 जिलों में पेपर लीक पर चर्चा₹ अभियान चलाने तथा बाद में राजधानी लखनऊ में छात्रों के साथ बड़ा घेराव करने का ऐलान किया।



### भाजपा को करोड़ों रुपये का चंदा दिया

संजय सिंह ने आरोप लगाया कि जिन कंपनियों को परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी दी गई, उनमें से कई पहले से ब्लैक लिस्टेड थीं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विद्युत निगम की परीक्षा और पुलिस भर्ती जैसी संवेदनशील परीक्षाओं का संचालन उन्हीं एजेंसियों को सौंपा गया जिन पर पहले सवाल उठ चुके थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन कंपनियों को भाजपा सरकार का संरक्षण प्राप्त है और इन्हें इसलिए बचाया जाता है क्योंकि इन्होंने भाजपा को करोड़ों रुपये का चंदा दिया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली को जानबूझकर ऐसे हाथों में सौंपा गया जिनकी विश्वसनीयता पहले से संदेह के घेरे में रही है।

> **संजय सिंह ने 75 जिलों में पेपर लीक पर चर्चा अभियान और लखनऊ घेराव का किया ऐलान**
>
> **नीट से लेकर दरोगा, लेखपाल और पुलिस भर्ती तक भाजपा राज में लाखों युवाओं का भविष्य पेपर लीक की भेंट चढ़ गया" - संजय सिंह**
>
> **"भाजपा को चंदा देने वाली ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को परीक्षा सौंपकर युवाओं का भविष्य बर्बाद किया गया" - संजय सिंह**




### पेपर लीक होने से 22 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित

संजय सिंह ने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर लीक होने से 22 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पेपर लीक और भर्ती घोटालों का सिलसिला भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार बढ़ता गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में दरोगा भर्ती परीक्षा, वर्ष 2018 में नौका चालक भर्ती, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती, उत्तर प्रदेश विद्युत निगम कनिष्ठ अभियंता भर्ती तथा लोअर सबोर्डिनेट भर्ती परीक्षाएं पेपर लीक और अनियमितताओं के कारण प्रभावित हुईं। इसके बाद वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती परीक्षा तथा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा भी विवादों और पेपर लीक की भेंट चढ़ गईं।

## आंखों की रोशनी चली गई थी, संभल में प्रेमी के साथ पकड़ी गई थी, कंधे और पेट का कुछ हिस्सा भी झुलस गया था

# सोते वक्त पति पर तेजाब डालने वाली पत्नी को उम्रकैद

**तमसा संकेत, एजेंसी**

संभल। पति की आंखों में तेजाब डालने वाली पत्नी को संभल कोर्ट ने सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। उस पर 1.75 लाख का जुर्माना भी लगाया। इस मामले की कोर्ट में एक साल से ज्यादा समय में 10 सुनवाई हुईं। तेजाब के हमले से एक दिन पहले पत्नी ने पति को खाने में जहर देकर जान से मारने की कोशिश भी की थी।

27 मई को अपर जिला जज गोपाल ने पत्नी कहकशां को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला 7 मार्च, 2025 का है। उस दिन पति मुजफ्फर अली ने पत्नी कहकशां को घर में प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। इसके बाद कहकशां ने रात में सोते समय पति की आंखों




और चेहरे पर तेजाब डाल दिया था। इससे न सिर्फ मुजफ्फर अली का चेहरा झुलस गया था, बल्कि उसकी दोनों आंखों की रोशनी भी चली गई थी। साथ ही कंधे और पेट का कुछ हिस्सा भी झुलस गया था। उसका दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में करीब 6 महीने तक इलाज चला था। इसके बावजूद आंखों की रोशनी वापस नहीं आ सकी थी। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र का है। कहकशां की वकील पिंकी शर्मा ने बताया- आजीवन कारावास के फैसले से हम संतुष्ट नहीं हैं। पुलिस ने मामले में 17 दिन बाद ससुराल वालों की शिकायत पर कहकशां के खिलाफ केस दर्ज किया था। इतने गंभीर अपराध में भी केस दर्ज करने में देरी क्यों हुई? इसमें साजिश है। कहकशां को लव मैरिज करने की सजा मिली है। इस केस में ऐसे कई सवाल हैं। कोर्ट में हमें बोलने का समय नहीं दिया गया। फैसले के खिलाफ हम ऊपरी अदालत में अपील करेंगे। बिजनौर के नगीना इलाके की रहने वाली कहकशां (30) ने साल-2019 में मुजफ्फर अली (35) से लव मैरिज की थी।

### सजा सुनते ही फूट-फूटकर रो पड़ी कहकशां

सजा सुनते ही कहकशां कोर्ट में फूट-फूटकर रोने लगी। इसके बाद चेहरा छिपाकर कोर्ट से बाहर आई। एक महिला कॉन्स्टेबल उसके साथ रही। कोर्ट से उसे जेल भेज दिया गया। सुनवाई के दौरान कहकशां का पति मुजफ्फर अली भी अपनी मां के साथ आया था। झुलसने के कारण उसने चेहरे को तौलिए से ढंक रखा था।



### एक दिन पहले खाने में दिया था जहर

विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार यादव ने बताया- तेजाब के हमले से एक दिन पहले यानी 6 मार्च, 2025 को कहकशां ने पति मुजफ्फर अली को खाने में जहर मिलाकर दिया था। इसमें कहकशां के भाई मोहम्मद अहमद, इरफान, मोहसिन और सास महरुन्निशा ने भी उसका साथ दिया था। हालांकि, इस मामले में पति ने कोई FIR नहीं दर्ज कराई थी।

# मंत्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने रचा इतिहास

## पीएम सूर्यघर पर मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अग्रणी पहचान स्थापित की है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम ₹पीएम सूर्य घर के दो वर्ष : एक करोड़ रूफटॉप तक सौर ऊर्जा का विस्तार₹ में उत्तर प्रदेश को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए जाने के लिए चयनित किया गया है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में अक्षय ऊर्जा विकास का अग्रणी मॉडल बनकर उभरा है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



- **सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनने पर उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान**
- **पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और रिकॉर्ड उपलब्धियों के लिए केंद्र सरकार ने किया सम्मानित**

## घेराव : बोले- जितना लिखा था उससे कम नंबर मिले, पोर्टल पर बार- बार बदल रहा रिजल्ट


# लखनऊ यूनिवर्सिटी में एलएलबी छात्रों का हंगामा

**धरना**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ विश्वविद्यालय के LLB फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स ने कैंपस में प्रशासनिक भवन का घेराव किया। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के बाहर सेमेस्टर रिजल्ट में खामियों को लेकर नारेबाजी की। छात्रों का कहना है कि जितना लिखा था उससे काफी कम नंबर मिले हैं। कॉपी को सही से चेक नहीं किया गया है। पोर्टल पर रिजल्ट बार-बार बदल रहा है।

परीक्षा नियंत्रक को इस विषय पर खुद स्पष्टीकरण देना चाहिए। जो भी गड़बड़ी कर रहे उनके खिलाफ एक्शन भी लेना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे



लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को प्रशासनिक भवन पर LLB स्टूडेंट्स ने धरना दिया।

प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने स्टूडेंट्स को किसी तरह शांत कराया। इसके बाद कुलपति के नाम का ज्ञापन लेकर उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। छात्रों ने मांग की है कि जिन विद्यार्थियों को अपने रिजल्ट पर शक है, उनकी आंसर कॉपी की स्क्रूटनी और री-चेकिंग पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जाए। साथ ही जिन छात्रों के परिणाम में त्रुटियां पाई जाएं, उनके अंक संशोधित कर दोबारा परिणाम जारी किया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि संशोधित परिणाम जारी होने के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के प्रावधानों के अनुरूप पात्र छात्रों को द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने का एक और अवसर दिया जाए, ताकि किसी भी छात्र का शैक्षणिक वर्ष प्रभावित न हो।

छात्रों ने आगामी सेमेस्टरों से 70:30 (एक्सटर्नल : इंटरनल) अंक योजना लागू करने की मांग भी उठाई है।

### 25 दिनों से लगा रहे विश्वविद्यालय के चक्कर

ज्ञापन में छात्रों ने कहा है कि रिजल्ट घोषित होने के बाद से वे लगातार अपनी समस्याओं को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क कर रहे हैं। उनका कहना है कि 20 मई को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रशासन ने चार दिनों में समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा या ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



LLB फर्स्ट ईयर स्टूडेंट्स ने कैंपस में प्रशासनिक भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया।

# जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

## उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं युवाओं ने सहभागिता की। फरियादियों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरणों, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत, पेयजल, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़ी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं।



मौर्य ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता दर्शन शासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से लोगों की वास्तविक समस्याओं की जानकारी प्राप्त होती है तथा उनके समाधान की प्रक्रिया को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौर्य ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि ऐसा समाधान सुनिश्चित किया जाए जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक राहत मिले और उसे बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# एसडीएम ने नोटिस चिपकाया ■ सोम बोले- जिहादी भूल गए सरकार किसकी

# एनकाउंटर में ढेर असद के घर पर चलेगा बुलडोजर

**कार्रवाई**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गाजियाबाद । गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के आरोपी असद के घर पर बुलडोजर चलेगा। सोमवार को प्रशासन की टीम असद के घर पहुंची। घर के गेट पर ताला लगा था। इसके बाद एसडीएम ने अवैध कब्जा करके घर बनाने का नोटिस दरवाजे पर चिपका दिया।

नोटिस में कहा गया है कि जिस जमीन पर मकान बना है, उस पर अवैध कब्जा किया गया है। असद के पिता नवाब को 15 दिनों के भीतर एसडीएम कार्यालय में अपना जवाब देना होगा। साथ ही अवैध कब्जा खुद हटाने के लिए भी कहा गया है।

भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने सोमवार को सूर्या की मां से मुलाकात कर उन्हें एक लाख की मदद दी। सोम ने कहा,खोड़ा में एक-एक आदमी ने 50-50 मकान खरीद रखे हैं। कहां से पैसा आया है, इसकी जांच होगी। जिहादी भूल गए हैं कि प्रदेश में किसकी सरकार है। जिहादियों का ठीक से फन दबा दिया जाएगा। यदि किसी ने पलायन कराने की कोशिश की, तो उसी का यहां से पलायन करा दिया जाएगा। दरअसल, 28 मई बकरीद के दिन असद ने सूर्या की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। रविवार तड़के पुलिस ने असद को एनकाउंटर में मार गिराया था। पुलिस ने मामले में साजिश रचने के आरोप में असद के पिता नवाब समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड का पांचवां आरोपी अब भी फरार है। हत्या के पांचवें दिन भी खोड़ा में पुलिस फोर्स तैनात है।

झांसी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या पर बड़ा बयान दिया।



असद का शव रविवार रात पोस्टमॉर्टम के बाद सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। पुलिस ने बताया कि असद के चाचा की मौजूदगी में शव को दफनाया गया। हालांकि, पुलिस ने सिक्योरिटी कारणों से जगह और समय का खुलासा नहीं किया।

## खोड़ा में एक सड़क का नाम सूर्या के नाम पर होगा

खोड़ा नगर पालिका के चेयरमैन पति और पूर्व विधायक सपा नेता अमरपाल शर्मा ने कहा- नगर पालिका की तरफ से परिवार के सदस्य को तुरंत नौकरी दी गई।

मुखिया के तौर पर बड़े भाई को नौकरी दी जाएगी। अगर घर पर किसी तरह का टैक्स लगता होगा, वो सम्पूर्ण माफ होगा। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। जिससे किसी सड़क या चौराहे के नाम सूर्या के नाम पर होगा।

उन्होंने कहा- सूर्या के साथ यह बहुत ही दुखद घटना हुई है। इस घटना की निंदा की जाती है।



### खोड़ा में 500 से अधिक जवान अपराधियों का सत्यापन कर रहे

गाजियाबाद के खोड़ा में 500 से अधिक फोर्स के जवानों ने अलग-अलग स्थान पर अपराधियों के सत्यापन अभियान चलाया जा रहा। इनमें जो हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर और पूर्व में जेल गए हैं उन सभी का सत्यापन किया जा रहा है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में ड्रोन कैमरे से सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। इस अभियान में एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजकरण नेयर, 5 एसीपी, DCP जायसवाल, डीएम और अन्य अधिकारी भी रहे।

## एमआईईटी के छात्रों को मिलेगा वैश्विक तकनीकी मंच

### आईएसएचआरएई स्टूडेंट चैप्टर का शुभारंभ

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। एमआईईटी मेरठ के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (आईएसएचआरएई) के स्टूडेंट चैप्टर का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी ज्ञान, उद्योग से जुड़ाव और व्यावसायिक कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का आयोजन एमआईईटी के निदेशक प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह, डीन एकेडमिक्स प्रो. (डॉ.) संजीव सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विपिन शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. श्वेतांशु गौरव ने किया, जबकि डॉ. हुसैन मेहदी का विशेष सहयोग रहा। समारोह में आईएसएचआरएई मेरठ चैप्टर के संस्थापक अध्यक्ष ए.के. गोयल, मेंटॉर अमित कौशिक, सचिव अमरजीत मौर्य और पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र मोहन ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग एवं रेफ्रिजरेशन (एचवीएसी एंड आर) क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने छात्रों को तकनीकी कार्यशालाओं, औद्योगिक भ्रमण, विशेषज्ञ व्याख्यानों और नेतृत्व विकास कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में नवाचार, तकनीकी दक्षता और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप स्वयं को तैयार करना समय की मांग है।



**फास्ट न्यूज**

### भतीजे की कोर्ट मैरिज के 12वें दिन चाचा का मर्डर

प्रयागराज । प्रयागराज में भतीजे की कोर्ट मैरिज का विवाद खूनी हो गया। 12 दिन से चल रहे तनाव के बीच सोमवार तड़के उसके चाचा तिलकधारी (55) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। परिजन का आरोप है कि भतीजे के ससुर ने सोते समय सिर पर चापड़ से वार कर मौत के घाट उतार दिया। रविवार को रातभर विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत चली थी, लेकिन असफल रही।

### केजीएमयू के कर्मचारियों को लखनऊ से बाहर जाने पर रोक

लखनऊ। KGMU के यूरोलॉजी विभाग में असाध्य योजना के तहत कैंसर मरीजों को मिलने वाली महंगी दवा और इंजेक्शन में घोटाले के आरोप में दवा वितरण में लगे सभी कर्मचारियों को हटा दिया गया। उन्हें विभागाध्यक्ष कार्यालय से संबद्ध किया गया है। सभी कर्मचारियों को लखनऊ न छोड़ने के निर्देश संस्थान ने दिए हैं।

KGMU प्रशासन का कहना है कमेटी ने अपनी रिपोर्ट आज सोमवार तक दे देगी। उसके बाद दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उनसे रिकवरी कराई जाएगी।

### एशियन गेम्स में चयन हुआ तो चिराग को मारी गोली

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने पैरा एथलीट चिराग त्यागी हत्याकांड के 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि यह हत्या पुरानी रंजिश और खेल करियर को लेकर पैदा हुई ईर्ष्या के कारण की गई थी। पुलिस ने यश खटीक और गगन त्यागी को गिरफ्तार किया था, जबकि तीसरा आरोपी अभय उर्फ अभिनव अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## हर-हर महादेव और 'बम-बम भोले' के जय घोष से गूंजा महादेवा परिसर

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेव मंदिर में पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के तीसरे सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था, जो सोमवार दिन भर निरंतर जारी रहा। हाथों में गंगाजल, फल-फूल एवं पूजन सामग्री लिए श्रद्धालु ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बम-बम भोले₹ के जयघोष के साथ बाबा लोधेश्वर के दरबार में पहुंचकर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना करते रहे। मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु साष्टांग दंडवत परिक्रमा करते हुए अपने आराध्य के दर्शन के लिए पहुंचे। कठिन मार्ग और लंबी दूरी तय करने के बावजूद श्रद्धालुओं के चेहरों पर थकान का नामोनिशान नहीं था। परिक्रमा पूर्ण कर जलाभिषेक और दर्शन-पूजन करने के बाद श्रद्धालु अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित दिखाई दिए। विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और छोटे-छोटे बच्चों का उत्साह देखने लायक था। परिवार के साथ आए श्रद्धालु साष्टांग दंडवत करते हुए बाबा लोधेश्वर के दरबार तक पहुंचे और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। चारों दिशाओं से आए श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जलाभिषेक कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। तीसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं व्यवस्था के प्रबंध किए गए थे। तहसील रामनगर के उपजिलाधिकारी आनंद कुमार तिवारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत के निर्देशन में तहसील एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## टॉयलेट को लेकर चल रहा था विवाद, चारपाई के पाटे से हमला किया

# अयोध्या में बड़े भाई ने छोटे को पीट-पीटकर मार डाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। अयोध्या में पारिवारिक विवाद में दो भाई आपस में भिड़ गए। दोनों में जमकर गाली -गलौज हुई। गुस्से में बड़े भाई ने चारपाई के पाटे से छोटे भाई पर हमला कर दिया। उसे तब तक पीटता रहा जब तक की उसकी मौत नहीं हो गई।

आवाज सुनकर छोटे भाई की पत्नी बचाव करने के लिए आई। जेठ ने उसके साथ भी मारपीट की। महिला जब घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी तो आरोपी भाई भाग गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को इलाज और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके बाद आरोपी और उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर थाने लेकर आई। यहां उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना थाना कैंट इलाके की है। सोमवार सुबह राधेश्याम यादव पिता वाले मकान में टॉयलेटजा रहा था। बड़े भाई मौजीराम यादव ने इसका विरोध किया। आवाज सुनकर उसकी पत्नी और बेटे भी आ गए। उन्होंने राधेश्याम के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। राधेश्याम ने इसका विरोध किया। गुस्से में मौजीराम यादव अपने घर के अंदर से चारपाई का पाटा लेकर आया। उसकी पत्नी और बेटे ने राधेश्याम को पकड़ लिया।





■ युवक की हत्या की सूचना मिलने पर मौके पर जांच करते हुए पुलिस।

### भाई की हत्या के बाद आरोपी भाग गया

शोर गुल सुनकर राधेश्याम की पत्नी उसे बचाने आई। मौजीराम यादव और उसकी पत्नी -बेटे ने उसके साथ मारपीट और धक्का मुक्की की। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। मौजीराम यादव तब तक छोटे भाई को मारता रहा जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। भाई की मौत होने के बाद मौजीराम यादव भाग गया।

### पुस्तैनी मकान में बने टॉयलेट को लेकर चल रहा था विवाद

सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया- मौजीराम यादव (60) ककरही बाजार, चौकी हसनू कटरा के रहने वाले हैं। वह पत्नी मीना (58) और बेटा घनश्याम(24) के साथ पुस्तैनी मकान में रहते हैं। ये मकान उसके पिता के नाम पर है। पास में उनका दूसरा मकान है। वह मां के नाम पर है। उसमें राधेश्याम यादव (30) अपनी पत्नी के साथ रहता था। दोनों भाइयों के बीच पिता के मकान में बनवाये गए टॉयलेट को लेकर विवाद चल रहा था।

## गोंडा में बोली- रेपिस्ट अरेस्ट नहीं हुआ, डीएम के मनाने पर 6 घंटे बाद उतरी

# बेटे को कमर से बांधकर टॉवर पर चढ़ी रेप पीड़िता

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोंडा । गोंडा में सोमवार को एक रेप पीड़ित महिला अपने 3 साल के बेटे को पीठ पर बांधकर 80 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। उसका आरोप था कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही।

महिला के टॉवर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ लग गई। एडीएम, एएसपी समेत कई अफसर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। महिला को नीचे उतरने के लिए समझाने लगे।

अफसरों ने महिला की आरोपी की मां से भी बात कराई, लेकिन वह नहीं मानी। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद डीएम प्रियंका निरंजन ने महिला से बात की। उनके आश्वासन पर महिला बेटे के साथ नीचे उतरी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि महिला तरबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। सोमवार सुबह करीब 9 बजे वह रघुकुल विद्यापीठ स्कूल के दूसरे गेट से परिसर में दाखिल हुई। फिर वहां लगे मोबाइल टॉवर के पास पहुंची। इसके बाद अपने बेटे को साड़ी के सहारे कमर में बांधकर टॉवर पर चढ़ गई। करीब 50 फीट ऊंचाई पर जाकर वह बैठ गई। यह टॉवर डीएम आवास से करीब 100 मीटर दूर है।





### पुलिस ने बेटे के लिए बिस्किट-पानी भेजा

मनाने में जुटे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने 2 पुलिसवालों को पानी और बिस्किट लेकर टॉवर पर भेजा। फायर ब्रिगेड के दरोगा नितेश कुमार शुक्ला और SDRF के सिपाही राकेश कुमार 2 घंटे तक टॉवर पर ही महिला को समझाते रहे।

उन्हें महिला ने बताया कि वह अपनी शिकायत लेकर लखनऊ से गोंडा तक कई बार चक्कर लगा चुकी है। आश्वासन दिया जाता है कि उसके प्रकरण से संबंधित दस्तावेज कार्रवाई के लिए भेजे जा रहे हैं। वह 5 बार पुलिस कप्तान को भी प्रार्थनापत्र दे चुकी है।

अधिकारियों ने उससे कहा कि जब आरोपी उसे अपने साथ रख रहा था, तब वह उसे छोड़कर क्यों आई? महिला ने बताया कि वह डीआईजी और कमिश्नर ऑफिस भी गई थी। महिला का आरोप है कि उसने तरबगंज क्षेत्राधिकारी (सीओ) के सामने रो-रोकर अपनी बात कही, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

# इलाज न मिला, चार दिन की बच्ची की मौत

पिता बोले- बेटी तड़पकर मर गई, ऐसा किसी के साथ न हो हैलट-केजीएमयू में भटकता रहा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर । कानपुर में जीवन जीने के लिए आयी, हमीरपुर की 4 दिन की मासूम बच्ची की इलाज न होने की वजह से अब मौत हो गई है। बच्ची की स्वास और आहार नली आपस में ज्वाइंट थी। परिवार 4 दिनों तक हमीरपुर, कानपुर और लखनऊ के अस्पतालों में चक्कर काटता रहा, लेकिन उसको इलाज नहीं मिला। पिता ने कहा- जैसे मेरी बेटी ने तड़प- तड़प के दम तोड़ा है, ऐसे किसी का मासूम न मरे। मनोज ने बताया था- वह हमीरपुर के जिला अस्पताल और कानपुर के हैलट अस्पताल और लखनऊ के KGMU, SG-PGI और रामनोहर लोहिया अस्पताल में लेकर गया था, लेकिन इलाज नहीं मिला था। इसके बाद बच्ची ने रविवार रात करीब 12 बजे सांसे थम गयी।

पीड़ित इंद्रबाबू हमीरपुर से 4 दिनों की मासूम का इलाज कराने के लिए कानपुर आया था। हमीरपुर में एक निजी अस्पताल में 28 मई को मासूम का जन्म हुआ था। इसके बेहतर इलाज के लिए उसे कानपुर के हैलट भेज दिया गया था। हालांकि पीड़ित का आरोप है- उसे यहां इलाज न होने की बात कहते हुए लखनऊ के PGI रैफर कर दिया। उसके बाद परिवार मासूम को लेकर लखनऊ चला गया था। अब इलाज न होने की वजह से उसकी मौत हो गई।

हमीरपुर के बिनामा गांव के निवासी इंद्रबाबू पेशे से किसान है और बेटा मजदूरी करके घर का भरण पोषण करता है। 28 तारीख को परिवार में एक बेटी का जन्म हुआ था। उसके बाद इलाज करवाने के लिए परिवार कानपुर पहुंचा था। कानपुर के हैलट में इलाज न होने की बात कहते हुए, लखनऊ के PGI में रैफर कर दिया गया। उसके बाद परिवार लखनऊ पहुंचा लेकिन उसे वहाँ भी इलाज नहीं मिला। पीड़ित पिता मनोज के मुताबिक मासूम को PGI से राममनोहर लोहिया अस्पताल में बेड न होने की बात करते हुए मासूम को यहां भी एडमिट नहीं किया गया। उसके बाद परिवार KGMU हॉस्पिटल लेकर पहुंचा लेकिन मासूम का वहां भी इलाज नहीं हो पाया।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'अब बेटियां मेरिट...

इनमें 1,459 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। छात्रों के साथ ही उनके माता-पिता और प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। यूपी बोर्ड के अलावा सीबीएसई, आईसीएसई और संस्कृत शिक्षा बोर्ड के टॉपर्स समारोह में शामिल किए गए।

अभिभावक ही बच्चे का पहला गुरु होता है। आजकल देखा जाता है कि 2-3 साल का बच्चा रोता है तो माता-पिता उसे स्मार्टफोन थमा देते हैं। बच्चा रो रहा है तो उसे कुछ देर रोने दीजिए या ऐसी गतिविधियों में लगाइए, जिससे उसका रचनात्मक विकास हो।

### पंजाब के छात्र ...

अब 56 लाख विद्यार्थियों की परीक्षा 14-15 दिनों में पूरी हो जाती है। 14-15 दिनों के भीतर परिणाम घोषित हो जाता है। समय पर मार्कशीट भी मिल जाती है। पहले इसमें तीन-चार महीने लग जाते थे।

### इंटरव्यू में कोई ...

उसका परिणाम शून्य होता है। सोशल मीडिया पर सही कंटेंट की संख्या बहुत कम है, फिर उसके पीछे भागने की क्या जरूरत है? किसी इंटरव्यू में आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपके कितने फॉलोअर्स हैं।

### मानसून 2-3 दिन...

मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई, जबकि 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। बिहार के सासाराम में भी दोपहर बाद बारिश हुई। वहीं झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल देश में मानसून के दौरान सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। पूरे सीजन में बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज (LPA) का लगभग 90% रहने का अनुमान है।

LPA यानी लॉन्ग पीरियड एवरेज किसी क्षेत्र में 30 से 50 सालों के दौरान हुई औसत बारिश को कहा जाता है। भारत में 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर मानसून की औसत बारिश 87 सेंटीमीटर मानी जाती है।

अगर किसी साल बारिश LPA के 90% से कम रहती है, तो उसे सामान्य से कम बारिश की श्रेणी में रखा जाता है। IMD का कहना है कि इस साल कम बारिश की एक बड़ी वजह अल नीनो हो सकती है। अल नीनो एक मौसमीय स्थिति है, जिसके दौरान प्रशांत महासागर का पानी सामान्य से ज्यादा गर्म हो जाता है। इसका असर भारत के मानसून पर पड़ता है और अक्सर बारिश कम होती है।

फिलहाल प्रशांत महासागर में स्थिति धीरे-धीरे अल नीनो की ओर बढ़ रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि जून में एल नीनो कमजोर रह सकता है, लेकिन सितंबर तक यह मध्यम या मजबूत रूप ले सकता है।

### टीएमसी विधायकों ...

दोनों पर पार्टी के खिलाफ बयान देने और बैठकों से दूर रहने के आरोप हैं।

TMC सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह चौंकाने वाला है। बेले व्यू अस्पताल के डॉक्टरों को बुलाया गया, लेकिन उन्हें इलाज नहीं करने के निर्देश दिए गए। यह कैसा अजीब और तानाशाही रवैया है?

बेले व्यू अस्पताल के लोग पहले मेरे पैर छूते थे। आपके बिड़ला और लोढ़ा परिवारों से करीबी संबंध और कारोबारी रिश्ते थे, और आप उनके सामने झुकते थे। हमारे मेयर ने सारी व्यवस्था संभाली थी। छह महीने पहले ही हमने अपोलो अस्पताल का लाइसेंस रिन्यू किया था।

TMC ने किसी से पैसे नहीं लिए हैं। हो सकता है कुछ लोग हालात का फायदा उठाते हों, लेकिन वे अब पार्टी छोड़ चुके हैं। उनके जाने से पार्टी का ही भला हुआ है। हम पार्टी को नए सिरे से खड़ा करेंगे।

कई लोग लंबे समय तक सत्ता का आनंद लेते रहे। अब जब हम हार गए हैं, तो वे तुरंत दूसरी पार्टी से समझौता करते दिखाई दे रहे हैं। BJP का प्रचार गोएबल्स के प्रचार से भी बदतर है। वे TMC को तोड़ नहीं सकते।

### निष्कासित विधायकों ...

बाद में जांच CID को सौंप दी गई। CID ने इस मामले में TMC महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को जांच में शामिल होने और प्रस्ताव की ऑरिजिनल कॉपी पेश करने के लिए नोटिस भेजा था।

### पश्चिम बंगाल में...

पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं।

सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिलहाल यह 3 पद खाली ही रहेंगे।

इससे पहले 11 मई को CM शुभेंदु ने अपने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा किया था। इसमें निशिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास, खेल और युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया।

### 'जनता की जेब पर ...

विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी मुख्यालय से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि जून माह से आने वाले बिजली बिल लोगों की परेशानी बढ़ाने वाले साबित होंगे। उन्होंने दावा किया कि बिजली बिल में की गई वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा और लोग बढ़े हुए बिल देखकर आर्थिक संकट महसूस करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली के बिल में बढ़ोतरी के पीछे सरकार की राजनीतिक मंशा छिपी हुई है।

अपने बयान में अखिलेश यादव ने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक समस्याओं से परेशान है तथा आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। उन्होंने दावा किया कि जनता बदलाव चाहती है और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को समर्थन देकर नई सरकार बनाने का निर्णय ले सकती है।

### पूंजीपतियों को लाभ ...

उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान, मजदूर, कर्मचारी और आम उपभोक्ता लगातार बढ़ती महंगाई और आर्थिक दबाव से जूझ रहे हैं।

### पुणे के टीचर ने नीट...'

यह रकम उनकी बहन के घर से बरामद की गई थी।

देशभर में 3 मई को NEET-UG परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को NEET री-एग्जाम को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) मोड में कराने की मांग खारिज कर दी। री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच RJD सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

याचिकाकर्ता के वकील ने NEET री-एग्जाम CBT मोड में कराने की मांग की। DF ने यह भी कहा कि NEET-UG 2026 पेपर लीक की जांच को 2024 की परीक्षा से जुड़े विवादों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए। संगठन ने पूरे मामले की समयबद्ध और पारदर्शी जांच की मांग की।

### संसदीय समिति में ...

यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (UDF) ने समिति ने कहा कि NEET से जुड़े सवाल केवल परीक्षा के तरीके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा कराने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता से भी जुड़े हैं। संगठन ने NTA को भंग कर संसद के कानून के तहत नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग की।

## बेंगलुरु पुलिस की एडवाइजरी के बाद फैसला, पिछले साल भगदड़ में 11 मौतें हुई थीं

# आरसीबी जीत के बाद विक्ट्री परेड नहीं करेगी

**फैसला**

**अहमदाबाद, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने लगातार दूसरी बार IPL खिताब जीतने के बावजूद बेंगलुरु में विक्ट्री परेड नहीं निकालने का फैसला किया है।

RCB के एक सूत्र ने बताया कि शहर में सार्वजनिक समारोहों को लेकर पहले से लागू दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। बेंगलुरु में किसी बड़े समारोह की संभावना नहीं है। बेंगलुरु ने रविवार को अहमदा-



यह तस्वीर RCB ने सोशल प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट की। इसमें कप्तान रजत पाटीदार और विराट कोहली डबल विक्ट्री का इशारा कर रहे हैं।

बाद में खेले गए फाइनल में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। टीम ने लगातार दूसरे साल IPL खिताब जीता है।

4 जून 2025 को पहला IPL खिताब जीतने के बाद फ्रेंचाइजी ने जल्दबाजी में विक्ट्री परेड की थी। इस दौरान भगदड़ मचने से 11 प्रशंसकों की मौत हो गई थी। 2 दिन पहले डीके शिवकुमार को कर्नाटक का नया CM बनाने का ऐलान किया गया था। उनका शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन इसी हफ्ते होना है। यह कार्यक्रम लोक भवन में शाम 4:10 बजे आयोजित होगा। RCB की जीत के बाद बेंगलुरु पुलिस ने देर रात एडवाइजरी जारी की। RCB की जीत के बाद बेंगलुरु पुलिस ने देर रात एडवाइजरी जारी की।



पिछले साल RCB की IPL विक्ट्री परेड में फैंस की भीड़ चिन्नास्वामी के बाद एकत्रित हो गई थी और भगदड़ मच गई थी।

### कई प्लेयर्स नेशनल टीम से जुड़ने वाले हैं

RCB के कई प्लेयर्स को नेशनल टीमों से जुड़ना है। देवदत्त पडिक्कल को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम से जुड़ना है, जबकि जोश हेजलवुड, टिम डेविड, जैकब डफी और रोमारियो शेफर्ड भी अपनी-अपनी नेशनल टीम से जुड़ेंगे।

> बेंगलुरु पुलिस ने पहले ही एडवाइजरी जारी कर लोगों से अपील की थी कि फ्ङ की जीत की स्थिति में सड़क पर जश्न, पटाखेबाजी, हुड़दंग या किसी तरह की अव्यवस्था न फैलाएं। पुलिस ने स्पष्ट किया था कि सार्वजनिक स्थानों पर विजय उत्सव की अनुमति नहीं दी जाएगी और लोग चाहें तो घरों या निजी स्थानों पर जश्न मना सकते हैं।

## वैभव सूर्यवंशी को जल्द मिलेगा इंडिया डेब्यू का मौका?

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतने पर बधाई दी। आईपीएल 2026 के फाइनल मैच में आरसीबी ने जीटी को 5 विकेट से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल फाइनल मैच में विराट कोहली के बल्ले से नाबाद 75 रन निकले और उनकी पारी ने आरसीबी को दूसरी बार आईपीएल चैंपियन बनाया। दरअसल, आरसीबी के अलावा बीसीसीआई के सचिव ने युवा सेंसेशन 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उनकी तारीफ की। बिहार के युवा बैटर ने राजस्थान रॉयल्स के लिए धमाकेदार परफॉर्म किया, जहां उन्होंने पूरे सीजन 237 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए।

15 साल और 65 दिन की उम्र में वैभव ने आईपीएल में नया रिकॉर्ड बनाया। वह ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा प्लेयर बने। इससे पहले ये रिकॉर्ड गुजरात टाइटंस के ओपनर साई सुदर्शन के नाम रहा, जिन्होंने 23 साल और 231 दिन की उम्र में साल 2025 में ऑरेंज कैप अपने नाम की थी। शुभमन गिल ने साल 2023 में 23 साल और 263 दिन की उम्र में ये उपलब्धि हासिल की थी। खिताबी मैच के बाद रिपोर्ट्स से बातचीत करते हुए देवजीत सैकिया ने वैभव सूर्यवंशी के टीम इंडिया डेब्यू की बढ़ती मांग पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि वैभव एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उनका भविष्य काफी उज्जवल हैं।




**बीसीसीआई के एक बयान ने करोड़ों भारतीयों का जीता दिल**

# आरसीबी फैंस को झटका!

## आईपीएल 2026 ट्रॉफी जीतने की विक्ट्री परेड बेंगलुरु में नहीं होगी

नई दिल्ली। आरसीबी ने जीटी को आईपीएल 2026 फाइनल में हराकर लगातार दूसरे आईपीएल सीजन ट्रॉफी अपने नाम की। आरसीबी के लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतने के बावजूद बेंगलुरु में विक्ट्री परेड नहीं निकालने का फैसला लिया गया। आरसीबी के एक सूत्र ने बताया कि शहर में सार्वजनिक समारोहों को लेकर पहले से लागू-निदर्शों का पालन किया जाएगा। बता दें कि फ्रेंचाइजी ने विक्ट्री परेड नहीं निकालने का फैसला पिछले साल हुई भगदड़ के बाद लिया है, जिससे फैंस की भारी भीड़ इकट्ठा होने से बचा जा सके।

दरअसल, 4 जून 2025 को आरसीबी ने आईपीएल का पहला खिताब जीता और इस खिताबी जीत के बाद फ्रेंचाइजी ने जल्दबाजी में विक्ट्री परेड की थी। इस दौरान भगदड़ मची और कुल 11 मासूमों ने जान गंवाई। ऐसे में ये माना जा रहा है कि पिछले आईपीएल सीजन मची भगदड़ की वजह से आरसीबी की टीम इस सीजन विक्ट्री परेड नहीं निकाल रही है।

इसके अलावा दो दिन पहले डीके शिवकुमार को कर्नाटक का नया मुख्यमंत्री बनाने का एलान किया गया था। उनका 3 जून को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होना है। यह कार्यक्रम लोक भवन में शाम 4 बजकर 15 मिनट से आयोजित होगा। यह जगह चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास है और कार्यक्रम में राज्य भर से काफी लोगों के आने की उम्मीदें हैं, जिसमें कई दिग्गज भी शामिल हो सकते हैं। इसके कारण पुलिसकर्मियों की तैनाती ज्यादा होगी और इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए आरसीबी मैनेजमेंट ने यह फैसला लिया है कि बेंगलुरु में सार्वजनिक भीड़ इकट्ठा करने से बचा जाए। आईपीएल 2026 फाइनल मैच में आरसीबी के दिग्गज विराट कोहली ने एक बार बल्ले से यह साबित किया कि उन्हें क्यों 'चेज मास्टर' कहा जाता है।




## कोहली की फास्टेस्ट फिफ्टी, सूर्यवंशी ने सीजन में सबसे ज्यादा 72 सिक्स लगाए

# पाटीदार ने धोनी और रोहित की बराबरी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL 2026 रिकॉर्ड्स वाला सीजन साबित हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचा। कप्तान रजत पाटीदार ने महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के खास क्लब में जगह बना ली। वे लगातार दो ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे कप्तान बने। फाइनल में विराट कोहली ने अपने IPL करियर की सबसे तेज फिफ्टी लगाकर जीत दिलाई। दूसरी ओर, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने एक सीजन में 72 सिक्स लगाकर क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया और एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ी भी बने। इस सीजन बल्लेबाजों ने मिलकर रन बनाने का नया इतिहास भी रच दिया।

### बेंगलुरु सबसे ज्यादा ट्रॉफी जीतने वाली चौथी टीम

बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार IPL ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। टीम लगातार दो सीजन (2025, 2026) चैंपियन बनने वाली सिर्फ तीसरी फ्रेंचाइजी बनी। इससे पहले केवल चेन्नई सुपर किंग्स (2010, 2011) और मुंबई इंडियंस (2019, 2020) ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे। बेंगलुरु सबसे ज्यादा ट्रॉफी जीतने वाली टीमों की लिस्ट में कोलकाता (3), मुंबई (5) और चेन्नई (5) के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गई। टीम ने अपनी दोनों ट्रॉफी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जीती। वे मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के बाद एक ही मैदान पर दो IPL फाइनल जीतने वाली चौथी टीम बन गईं।




### कोहली की 25 बॉल में फिफ्टी

कोहली ने फाइनल में गुजरात के खिलाफ 25 बॉल में फिफ्टी लगा दी। यह IPL में उनकी सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले उन्होंने 2018 में 26 बॉल पर फिफ्टी लगाई थी। कोहली फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। कोहली ने IPL फाइनल में 10 साल बाद फिफ्टी लगाई है। उन्होंने 2015 में हैदराबाद के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। हालांकि, तब बेंगलुरु हार गई थी।

### वैभव ने क्रिस गेल के छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा

राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी ने एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने इस सीजन 72 छक्के लगाए। गेल ने 2012 में बेंगलुरु के लिए 59 छक्के लगाए थे। IPL 2026 में 1426 छक्के लगे हैं। जो कि एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगने का रिकॉर्ड है। 2025 में 1294 छक्के लगे थे। इतना ही नहीं, इस सीजन में 2332 चौके लगे हैं। पिछले सीजन में 2245 चौके लगे थे।

> रजत पाटीदार ने बेंगलुरु को लगातार दूसरा आईपीएल टाइटल जिताया। वे ऐसा करने वाले तीसरे कप्तान बने। उन्होंने एमएस धोनी और रोहित शर्मा की बराबरी की। धोनी ने 2010 और 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स को खिताब जिताया था, जबकि रोहित ने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाया था।

**मनोरंजन**

## अल्फा को-स्टार पर बोले- मैं हर किसी के पास जाकर बात प्रूफ नहीं कर सकता, ये महज अफवाह


# आलिया से अनबन पर बॉबी देओल ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बॉबी देओल जल्द ही आलिया भट्ट के साथ यश राज प्रोडक्शन की फर्स्ट फीमेल लीड स्पाई यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में नजर आने वाले हैं। बीते लंबे समय से चर्चा है कि अल्फा की शूटिंग के बीच बॉबी देओल और आलिया भट्ट में अनबन हो गई है। हालांकि अब बॉबी देओल ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए इसे अफवाह करार दिया है।

बॉबी देओल की फिल्म बंदर जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले वो रजत शर्मा के शो आप की अदालत में पहुंचे थे। शो में रजत ने उनसे अल्फा के सेट पर हुई आलिया भट्ट से अनबन की खबरों पर सवाल किया, तो बॉबी ने कहा, मुझे भी किसी दोस्त ने भेजा था उस खबर का स्नैपशॉट, मैं भी हैरान था। लोग इतने वेल्ले हैं कि कुछ भी लिखकर बना देते हैं।

आगे बॉबी ने कहा, 'मैंने अभी रणबीर के साथ फिल्म की, फिर मुझे जब पता चला कि मुझे आलिया के साथ एक फिल्म मिली है, तो मैंने सोचा कि ये हो क्या रहा है मेरे साथ, क्योंकि दोनों ही मेरे फेवरेट एक्टर हैं। दोनों के साथ मुझे काम करने मिल रहा है। ये बहुत अच्छा है। वो कितनी अच्छी एक्ट्रेस है, कितनी हार्डवर्किंग है। कितनी प्रोफेशनल है। उसको फाइट सीक्वेंस करना हो तो बहुत तैयार रहती है।'



### बंदर में नजर आएंगे बॉबी देओल

बॉबी देओल जल्द ही फिल्म बंदर में नजर आएंगे, जो 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म में उनके साथ सपना पब्बी और सबा आजाद लीड रोल में हैं। फिल्म में बॉबी देओल ने एक आउटडेटेड म्यूजिशियन का किरदार निभाया है, जो करियर रिवाइव करने की जद्दोजहद के बीच एक विवाद में फंस जाते हैं। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है।



## दुआ लिपा ने कैलम टर्नर से रचाई शादी अनोखी वेडिंग ड्रेस में जीता दिल

### 17वीं सदी के विला में होगा ग्रैंड सेलिब्रेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पॉप स्टार दुआ लिपा (30) और एक्टर कैलम टर्नर (36) ने लंदन में एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी कर ली। इस निजी शादी की तस्वीरें, जो इंटरनेशनल पब्लिकेशन से मिली हैं, ऑनलाइन खूब शेयर की जा रही हैं, जिससे फैंस में काफी उत्साह है।

वायरल तस्वीरों में यह जोड़ा अपने कुछ करीबी लोगों के साथ वेन्यू से बाहर निकलते हुए दिख रहा है। 'वोग' ने बताया कि लिपा ने डैनियल रोजबेरी द्वारा डिजाइन किया गया Schiaparelli couture suit dress पहना था। इसके साथ उन्होंने मैचिंग ग्लव्स, Christian Louboutin के जूते और Stephen Jones की एक बड़ी सी व्हाईट कैप पहनी थी। टर्नर नेवी सूट और टाई में नजर आए, और दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे हुए चल रहे थे।



लगभग 30-40 मिनट तक चले इस समारोह में परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों ने इस जोड़े का उत्साह बढ़ाया। यह कपल अगले हफ्ते तीन दिन का शानदार इटैलियन जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। लेकिन, सिसिली के पलेर्मो में होने वाले भव्य समारोहों से पहले, उन्होंने एक कानूनी समारोह में शादी करने का फैसला किया।

# कटरीना को छोड़ दिशा संग अक्षय ने लगाए ठुमके

## ऊंचा लंबा कद' का नया वर्जन रिलीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार जल्द ही बड़े पर्दे पर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से धमाल मचाने आ रहे हैं। 'वेलकम' सीरीज के इस थर्ड पार्ट में इस बार कहानी अलग होगी और मजेदार होगी, तो वहीं फिल्म वेलकम वन के कल्ट सॉन्ग को इस फिल्म में रीक्रिएट किया गया है और गाने का नाम है 'ऊंचा लंबा कद', जो हाल ही में रिलीज कर दिया गया है।

इस गाने में अक्षय (Akshay Kumar) के साथ इस बार फैंस कटरीना कैफ को तो मिस कर ही रहे हैं, लेकिन हां दिशा (Disha Patani) ने अपनी बोल्ड अदाओं से जादू चलाने की कोशिश जरूर की है। दिशा का अलग अंदाज इसे थोड़ा पार्टी वाला फील दे रहा है। गाने के इस नए वर्जन को आनंद राज आनंद और रुबाई ने अपनी आवाज दी है।

आपको बता दें कि 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, ज़ाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडेय, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), दिवंगत अभिनेता पंकज धीर, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्या सिंह और भाग्य भानुशाली जैसे स्टार्स इसमें नजर आएंगे।



> इसके अलावा मेघा बाली ने गाने में कुछ नए लिरिक्स को जोड़ा है। गाने की बीट्स कमाल की हैं और वहीं लोकेशन्स की बात करें तो इससे पहले अक्षय के कई गानों में ऐसा अंदाज नजर आ चुका है। पार्टी एंथम बनकर आया ये गाना फिलहाल तो रिलीज हो चुका है और अब दर्शक इसे कितना पसंद करेंगे, ये आने वाले वक्त में पता चलेगा।

### 'ऊंचा लंबा कद' गाना हुआ रिलीज

फिल्म वेलकम टू द जंगल पहले से ही जमकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के गाने और टीजर्स को काफी पसंद किया गया है और अब फिल्म का नया गाना 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर' (Ucha Lamba Kad Forever Song) रिलीज कर दिया गया है। अक्षय कुमार के साथ इस गाने में इस बार कटरीना कैफ (Katrina Kaif) नहीं बल्कि दिशा पाटनी नजर आई हैं।

ओरिजनल गाने का संगीत आनंद राज आनंद ने तैयार किया था, जबकि इसके नए वर्जन को विक्रम मॉन्ट्रोज ने रीक्रिएट किया है। हालांकि गाना सुनने के बाद वैसा फील कतई नहीं दे रहा है, जो ओरिजिनल वर्जन में था। हां, पर इतना जरूर है कि मेकर्स ने इसमें बहुत ज्याद छेड़छाड़ नहीं की है।

# गायिका सुमन कल्याणपुर का निधन

**मुंबई, एजेंसी**

गायिका सुमन कल्याणपुर का रविवार शाम को मुंबई में 89 की उम्र में निधन हो गया। रिपोर्ट्स में मौत की वजह उम्र से जुड़ी दिक्कतें बताई जा रही हैं।

उनकी करीबी दोस्त मंगला खाडिलकर ने बताया कि सुमन ने रात करीब 8 बजे अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से अपने ही गाए हुए गाने सुन रही थीं। उन्होंने बहुत शांति से दुनिया को अलविदा कहा।

उनका अंतिम संस्कार आज पवनहंस श्मशान घाट पर होगा। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू हैं। सुमन को 2023 में पद्मभूषण सम्मान मिला था।

सुमन की आवाज की तुलना अक्सर लता मंगेशकर की आवाज से होती थी। फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने 11 भाषाओं में 3000 से ज्यादा फिल्मी-नॉन फिल्मी गाने गाए।



**आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार जैसे कई गाने मशहूर रहे, लता से तुलना होती थी**

सोमवार दोपहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुमन सुल्तानपुर को श्रद्धांजलि देते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा- लोकप्रिय गायिका सुमन कल्याणपुर जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ। उनकी मधुर आवाज और भावपूर्ण गायकी ने हमारे सांस्कृतिक जगत को समृद्ध बनाया।

